Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 325 | शुक्रवार, 28 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया






### मुख्यमंत्री योगी ने याद दिलाए विश्व नवकार महामंत्र दिवस से जुड़े मोदी जी के 09 संकल्प

# सीएम योगी ने भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणम व गुफा मंदिर का किया लोकार्पण









**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** तरूणसागरम्, बसंतपुर सेंतली, दिल्ली मेरठ रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणम्एवं 100 दिवस में नवनिर्मित गुफा का लोकार्पण किया गया। तदोपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजकों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को कमंडल, माला, चित्र भेंट कर एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान जैन धर्म से संबंधित कुछ मंत्रों का उच्चारण करते हुए कार्यक्रम समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्यों को उन्हें इस पावन धार्मिक कार्य में आमंत्रण हेतु धन्यवाद दिया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भाइयों और बहनों आज मुझे इस गुफा मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ और क्रांतिकारी संत पूज्य तरूण सागर जी महाराज की स्मृतियों को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मैं इसके लिए कार्यक्रम प्रबंधकों एवं जैन समिति का आभार व्यक्त करता हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आध्यात्मिक उन्नयन के लिए सुरक्षित, सुसभ्य और साफ सुथरा वातावरण चाहिए और यह भारत ने ही पहले दुनिया को दिया है और आज भी भारत ही इस कार्य को कर रहा है हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए। हम सभी आध्यात्मिक संदेशों और भारत की ऋषि मुनि परंपरा को लेकर बढ़ रहे हैं। यदि हम सभी इसका आत्मसात करते हैं तो यही विश्व मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। जैन समाज द्वारा इस पवित्रता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। मैंने यहां श्री प्रसन्ना जी महाराज उपाध्याय मुनीश्री पीयूष जी महाराज की दिनचर्या के बारे में जाना और श्री प्रसन्ना जी महाराज के बारे में सुना कि उनके द्वारा सुसंपन्न 557 दिनों की अ?द्भुत, अकल्पनीय, सिंहनिष्क्रीडित व्रत की साधना, जिसमें 496 दिनों के निर्जल उपवास किये और मात्र 61 दिनों की लघु पारणा की। इन चीजों से हमें पता चलता है कि यदि हम संकल्प ले लें तो पिंड में ही ब्रह्मांड समाया यानी हमें जो सब कुछ बाहर दिखाई देता है वह सब हमें अपने शरीर के अंदर ही दिखाई देगा।

इस पवित्र कार्यक्रम पंच कल्याणक महा महोत्सव में भगवान पार्श्वनाथ और क्रांतिकारी संत तरुण सागर जी महाराज के स्मृतियां को देखने एवं पावन गुफा मंदिर के लोकार्पण समारोह में भाग लेकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है, मैं आयोजकों का आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मंदिर प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर नगर निगम गाजियाबाद, विधायकगण, भाजपा महानगर अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोगों उपस्थित रहे।

**दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

## दिल्ली-यूपी में सर्दी ने पकड़ी रफ्तार



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में ठंड तेजी से बढ़ रही है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में न्यूनतम तापमान एक अंक तक पहुंच गया है। एक ओर दक्षिण भारत में चक्रवाती तूफान 'सेन्यार' के कारण भारी बारिश का अलर्ट है, वहीं उत्तर भारत में ठंड और कोहरा बढ़ने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छा सकता है। अधिकतम तापमान 26-28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9-12 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में तापमान माइनस में चला गया है, जिससे सर्दी और बढ़ेगी। पंजाब और राजस्थान में कुछ जगहों पर शीतलहर की स्थिति बन सकती है। गंगा के मैदानी इलाकों जैसे पश्चिम बंगाल, बिहार और ओडिशा में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।



## 'सड़क निर्माण में गुणवत्ता करें सुनिश्चित, नहीं तो होगी कार्रवाई', ठेकेदारों को गडकरी की दो टूक

**अहमदाबाद।**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गांधीनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि ठेकेदार सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाए रखें अन्यथा कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने ठेकेदारों से राजमार्गों के निर्माण के साथ ही पुनर्निर्माण में लोगों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को भी कहा। राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि गडकरी ने आश्वासन दिया कि केंद्र गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण, पुनर्निर्माण तथा संबंधित परियोजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित करेगा। गडकरी ने गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के निर्माणाधीन खंड का निरीक्षण किया और मोतीपुर फ्लाईओवर तथा राजमार्ग पर एक अंडरपास पर किए जा रहे काम की प्रगति की समीक्षा की।

## डीजीपी-आइजी सम्मेलन छत्तीसगढ़ में आज से, पीएम मोदी और अमित शाह होंगे शामिल

**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक डीजीपी-आइजी सम्मेलन होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 व 30 नवंबर को शामिल होंगे। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत देशभर के पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। पीएम मोदी 28 नवंबर की रात रायपुर पहुंचेंगे। शाह सुबह से ही बैठक में शामिल होंगे। इसमें अब तक प्रमुख पुलिस चुनौतियों से निपटने में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए एक दूरदर्शी रोडमैप की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन प्रधानमंत्री मोदी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे। इस सम्मेलन में सभी राज्यों के गृह मंत्री, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भाग लेंगे। नए और अभिनव विचारों को सामने लाने के लिए, राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख और डीआइजी तथा एसपी स्तर के कुछ चुन्दा पुलिस अधिकारी भी इस वर्ष सम्मेलन में भाग लेंगे। बैठक को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) आयोजित करता है।



## संपादक की कलम से

# हम भारत के लोग


ललित शर्मा
संपादक

य ये भारत के संविधान की प्रस्तावना के आरंभिक शब्द हैं। संविधान और लोकतंत्र देश के नागरिकों को ही संबोधित है। संविधान सभा की बैठकों में संविधान के प्रावधानों और अनुच्छेदों पर व्यापक विमर्श किया गया। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई थी। भारत को स्वतंत्रता मिलना तय हो चुका था। राष्ट्रीय सरकार का गठन किया जा चुका था, लेकिन विधिवत रूप से भारत का संप्रभु और स्वतंत्र राष्ट्र बनना तब शेष था। उस दौर में हमारे पुरखों ने संविधान पर विमर्श किया। देश की आजादी के बाद भी संविधान सभा की बैठकें जारी रहीं और अंतिम सदस्य–संख्या 299 थी। राष्ट्रपति बनने से पहले डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष थे। सच्चिदानंद सिन्हा उनसे पहले सभा के अस्थायी अध्यक्ष थे। अंतत: 26 नवंबर, 1949 को संविधान को स्वीकृति दी गई और उसे ग्रहण किया गया। हालांकि संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया, लिहाजा उस दिन देश गणतंत्र दिवस मनाता है। कांग्रेस ने देश पर 55 साल से अधिक समय तक शासन किया, लेकिन कभी संविधान दिवस नहीं मनाया। यह शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में कराई और उसके बाद देश 26 नवंबर को नियमित तौर से संविधान दिवस मनाता आ रहा है। बीती 26 नवंबर को पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल (अब संविधान सदन) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग‌ का पाठ किया। उसी के साथ उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष समेत सभी सांसदों ने यह पाठ दोहरा कर प्रतिज्ञा ली, शपथ ली कि वे संविधान के प्रति प्रतिबद्ध और जवाबदेह रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान देश की पहचान का मूल आधार है। यह औपनिवेशिक सोच को छोड़ कर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज है। यकीनन हमारा संविधान देश के औसत नागरिक से लेकर न्यायपालिका, संसद, सरकार तक सभी अंगों का प्राण है। उनकी दिशा और न्याय है। देश की व्यवस्था संविधान से ही संचालित है। देश की संवैधानिक संस्थाएं भी संविधान की परिधि में हैं। संविधान में आम नागरिक के मौलिक अधिकार दिए गए हैं, जो बुनियादी और जीवंत लोकतंत्र के प्रतीक हैं। कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी दल संविधान को खंडित करने या उसके स्थान पर मनु स्मृति के प्रावधानों को लागू करने के आरोप लगाते रहे हैं। यह राजनीतिक और चुनावी नेरेटिव हो सकता है, जबकि यथार्थ यह है कि मनु स्मृति कोई दस्तावेजी और स्वीकृत संकलन ही नहीं है। वह संविधान का विकल्प कैसे बनाया जा सकता है? भाजपा–आरएसएस को इतना असंवैधानिक और निरंकुश कौन होने देगा? संविधान पर घातक प्रहार, आघात तब किया गया था, जब 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। निश्चित तौर पर वह कालिमा का दौर था। बिना अपराध के नेताओं, पत्रकारों, कलाकारों, कवियों, समाजसेवियों आदि को जेलों में ठूंस दिया गया था। बहरहाल हम आज उस दौर को भी भूल जाना चाहते हैं, लेकिन देश को यह खुलासा करना चाहते हैं कि संविधान के 39वें और 42वें अनुच्छेद में ऐसे संशोधन किए गए, जिनसे देश तानाशाही की ओर जा सकता था! संशोधन किया गया कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, स्पीकर के चुनाव संबंधी विवाद अदालत के दायरे से बाहर होंगे। प्रधानमंत्री से कोई सवाल नहीं किया जाएगा। न्यायपालिका की स्वतंत्रता समाप्त करने की कोशिश की गई। आपातकाल की न्यायिक समीक्षा नहीं की जा सकेगी। संविधान की प्रस्तावना में दो नए शब्द जोड़ दिए गए–सेक्युलर और सोशलिस्ट। ये शब्द आज भी मौजूद हैं। अलबत्ता जो एकाधिकारवादी संशोधन थे, उन्हें बाद की जनता पार्टी सरकार के दौरान पुन: संशोधित कर सुधारा गया। इस तरह संविधान बच सका।

उदय किशोर साह



## पावन है अपनी गाँव रे

कविता

कितना सुन्दर कितना है यहाँ पावन लगता अपनी गाँव रे
हरी भरी वादियों से नित्य मिलता पीपल बरगद की छाँव रे
पहाड़ी की आँचल से निकल कल कल बहती सरिता में नाव रे
बड़े बुजुर्ग आर्शिवाद हैं बाँटते जब हम उनके छुते दोनोंपाँव रे

शुद्ध शाकाहारी आहार हैं लेते खेती करते हैं सुबहशाम रे
पड़ोसी भी अपना जहाँ लगते जब मुसीबत में आते काम रे
प्राण वायु की तोहफा है मिलता वन जंगल भरे सरे आम रे
दादा जी सिपहसलार बन जाते सिखलाते गुण संस्कार रे

मंदिरों में बजता घंटा धर्म की लगती यहाँ राम नाम रे
पूरव की प्राची से निकलते भगवान भास्कर की ताम झाम रे
अंधकार मिट जाता है प्रकाश से जगमगाती धरा आसमान रे
रंग विरंगा कलियाँ मुस्कुराती वो देखो सब गुलफाम रे

सुख शांति की गीत है गुनगुनाती ना है कोई यहाँ बेईमान रे
झगड़ा झंझट का कोई जगह नहीं सब में बसी है ईमान रे
सुख चैन की यहाँ नींदिया विराजती उपर है भगवान रे
महुवा के फूल की खुशबू कर देती है मदमस्त विहान रे

अन्नदाता की पर्ण कुटीर में विलख रहा अब अरमान रे
बाल बच्चे ना पढ़ पाते है मजदूरी कर हो जाते गुमनाम रे
फटे हाल में जीवट जीवन जीता है गुलशन के बागवान रे
किसी को कोई फिक्र ही नहीं है किस बात पे तेरी शान रे

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बौद्धिक प्रदूषण और नशे के विरुद्ध सामाजिक उत्तरदायित्व -21वीं सदी की दो अदृश्य वैश्विक चुनौतियाँ

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी मानव सभ्यता को तकनीक, विज्ञान, स्वास्थ्य, पर्यावरण और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक ले जा रही है, लेकिन इसी प्रगति के समानांतर दुनियाँ दो ऐसी अदृश्य और बढ़ती चुनौतियों से जूझ रही है, जिनका प्रभाव कहीं अधिक व्यापक, गहरा और दीर्घकालिक स्तरपर भविष्य के निमार्ता युवाओं पर पड़ रहा है है, वो है बौद्धिक प्रदूषण और नशा जिसके खिलाफ समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बन गई है।पर्यावरणीय प्रदूषण के समाधान की दिशा में वैश्विक तंत्र,कानून, विज्ञान और तकनीक सतत सुधार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हवा, पानी, प्लास्टिक, कचरा, औद्योगिक उत्सर्जन और कार्बन फुटप्रिंट को नियंत्रित करने के लिए नीतियाँ, शोध, संस्थान और संसाधन मौजूद हैं, लेकिन बौद्धिक प्रदूषण और नशे के विरुद्ध सामाजिक उत्तरदायित्व उतनी तेजी और सटीकता से नहीं बन पा रहा है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि जब प्रश्न मानव चेतना, विचार, मूल्य और मानसिकता के प्रदूषण का हो,तो समाधान पारंपरिक नहीं रह जाता, बल्कि वह नैतिक, बौद्धिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक हस्तक्षेपों पर आधारित हो जाता है। यही कारण है कि बौद्धिक प्रदूषण किसी भी सभ्यता को भीतर से कमजोर करने वाला सबसे खतरनाक "अदृश्य स्मॉग" बन चुका है, जिसकी तुलना किसी भी भौतिक प्रदूषण से नहीं की जा सकती।इसी प्रकार नशा आज केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, जनसंख्या, परिवार, शिक्षा, अपराध, मानव संसाधन और राष्ट्रीय विकास से जुड़ेबहुआयामी संकट का रूप ले चुका है। यह सोचना कि नशाखोरी रोकना केवल पुलिस, कानून या दंड व्यवस्था की जिम्मेदारी है, एक गलत और सीमित दृष्टिकोण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार नशे के बढ़ते मामलों में 70 प्रतिशत जड़ें सामाजिक व्यवहार, वातावरण,परिवार, सांस्कृतिक प्रभाव और मानसिक तनाव से जुड़ी होती हैं, जबकि कानून केवल अंतिम चरण में हस्तक्षेप करता है। इसलिए नशे के खिलाफ लड़ाई वास्तव में समाज,परिवार शिक्षा तंत्र, स्वास्थ्य संस्थान, मीडिया, धार्मिक-सांस्कृतिक समुदायों और शासन प्रणाली इन सभी का संयुक्त युद्ध है।




साथियों बात अगर हम बौद्धिक प्रदूषण एक अदृश्य खतरा और वैश्विक संकट है इसको समझने की करें तो बौद्धिक प्रदूषण को सरल शब्दों में परिभाषित किया जाए तो यह वह स्थिति है जब मनुष्य की सोच, समझ, विवेक, निर्णय-क्षमता और नैतिक चेतना गलत, भ्रमित, पक्षपातपूर्ण उग्र, हिंसक, असत्य या दुष्प्रभावित विचारों से प्रभावित हो जाती है। यह प्रदूषण किसी फैक्ट्री के धुएँ या वाहन के धुएँ की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका नुकसान किसी भी वायु प्रदूषण से बड़ा हो सकता है, क्योंकि यह व्यक्ति को विचारों, धारणाओं और सूचनाओं के भ्रमजाल में फँसा कर उसकी तार्किक क्षमता और सामाजिक चेतना को नष्ट कर देता है। फेक न्यूज, नफरत आधारित प्रचार, कट्टर राष्ट्रवाद, उग्रवाद, नस्लीय विभाजन, षड्यंत्र,धार्मिक उन्माद, डिजिटल हेरफेर, गलत सूचना, दुष्प्रचार, हेट स्पीच और सोशल मीडिया एल्गोरिद्म के माध्यम से फैलने वाला भ्रम,आज दुनियाँ भर के देशों में बौद्धिक प्रदूषण के मुख्य स्रोत बन चुके हैं।तकनीक और ज्ञान की उपलब्धता जितनी तेजी से बढ़ी है, उतनी ही तेजी से मानव मन की ग्रहणशीलता पर अनियंत्रित सूचनाओं का बोझ बढ़ा है। इंटरनेट ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया, लेकिन उसी ने अज्ञान को भी संस्थागत रूप दे दिया। अब सत्य और असत्य में फर्क करना एक आम नागरिक के लिए पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। यह बौद्धिक धुंध न केवल व्यक्ति के विवेक को प्रभावित करती है, बल्कि लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव, शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और मानवीय मूल्यों को भी कमजोर करती है।इतिहास गवाह है कि सभ्यताएँ बाहरी हमलों से कम, आंतरिक भ्रम, विभाजन, गलत विचारधारा और मानसिकप्रदूषण से अधिक टूटती हैं। इसी कारण बौद्धिक प्रदूषण मानवता के लिए एक "साइलेंट ग्लोबल पैंडेमिक" बनकर उभरा है।


गोदिया

साथियों बात अगर हम क्या बौद्धिक प्रदूषण का समाधान संभव है? इसको समझने की करें तो, भौतिक प्रदूषण के समाधान स्पष्ट हैं, फिल्टर, रिसाइक्लिंग प्रतिबंध, तकनीक, कानून और स्वच्छ ऊर्जा। लेकिन बौद्धिक प्रदूषण का समाधान विज्ञान नहीं, बल्कि चेतना, शिक्षा, नैतिकता, संवाद, मीडिया जिम्मेदारी और सामाजिक संरचना के सुधार में निहित है। यह प्रदूषण तब पनपता है जब समाज तर्क की जगह अंधानुकरण को अपनाता है,जब शिक्षा ज्ञान की जगह अंकों पर आधारित हो जाती है, जब मीडिया सूचना की जगह सनसनी को बेचने लगता है,और जब तकनीक सत्य की जगह भ्रम को अधिक प्रोत्साहित करती है। इसलिए समाधान बहुस्तरीय होना चाहिए,समालोचनात्मक सोच पर आधारित शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तथ्य-आधारित संवाद, मीडिया पारदर्शिता, सामाजिक संवाद, युवा नेतृत्व और बहु सांस्कृतिक सम्मान की संस्कृति। बौद्धिक प्रदूषण को किसी एक संस्था, कानून या सरकार द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक चुनौती है। यह समाधान तभी संभव है जब वैश्विक समाज सत्य को मूल्य के रूप में स्वीकार करे, संवाद को संघर्ष से ऊपर रखे और शिक्षा को नौकरी नहीं बल्कि चेतना- निर्माण का माध्यम समझे। हर परिवार,हर स्कूल,हर विश्वविद्यालय और हर राष्ट्र को यह स्वीकार करना होगा कि विचारों की शुद्धता सभ्यता के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। यदि मन प्रदूषित है तो प्रगति विनाश बन जाती है, और यदि विचार निर्मल हैं तो मानवता हर संकट का समाधान ढूँढ सकती है।

साथियों बात अगर हम नशे के खिलाफ लड़ाई,केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं,एक सामाजिक युद्ध है इसको समझने की करें तो, नशा किसी एक देश, समाज, धर्म, वर्ग या उम्र की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक महामारी है। ड्रग्स, शराब, तंबाकू, सिंथेटिक नशीले पदार्थ, प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्सका दुरुपयोग, गेमिंग और डिजिटल एडिक्शन ये सभी आधुनिक नशे के विस्तृत रूप हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाँ में हर वर्ष 3 करोड़ से अधिक लोग नशे से सीधे प्रभावित होते हैं और लाखों की मौतें इससे जुड़ी बीमारियों और अपराधों के माध्यम से होती हैं। नशा केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं,बल्कि अपराध, सीमा पार तस्करी, आतंकवाद, मानव तस्करी,घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएँ,आत्महत्या, स्कूल ड्रॉप -आउट, बेरोजगारी और आर्थिक क्षति जैसे व्यापक संकटों को जन्म देता है।यह मान लेना कि इस समस्या को पुलिस, कानून और दंडात्मक व्यवस्था अकेले समाप्त कर देगी, एक बड़ी भूल है। पुलिस केवल अपराध को रोक सकती है, आदत को नहीं; कानून केवल सजा दे सकता है, मानसिकता को नहीं; और दंड केवल भय पैदा कर सकता है, समाधान नहीं। नशे की जड़ें मानसिक तनाव, सामाजिक दबाव, परिवारिक टूटन, बेरोजगारी, अकेलापन, हिंसा, निराशा, असमानता और गलत संगत में छिपी होती हैं। इसलिए नशा एक मनोवैज्ञानिक सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है, जिसका समाधान केवल दंड नहीं बल्कि पुनर्वास, संवाद,शिक्षा,सामुदायिक सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व में है। परिवारों को प्रारंभिक पहचान सीखनी होगी, स्कूलों को निवारक शिक्षा देनी होगी,मीडिया को नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी, स्वास्थ्य संस्थानों को उपचार और परामर्श को केंद्र में रखना होगा, और समाज को नशाखोर को अपराधी नहीं बल्कि रोगी के रूप में समझकर उसके पुनर्निर्माण का प्रयास करना होगा। यह संघर्ष तभी जीता जा सकता है जब समाज नशे को शर्म नहीं, समस्या माने; अपराध नहीं, बीमारी समझे; और दंड नहीं, उपचार को प्राथमिकता दे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बौद्धिक प्रदूषण और नशा दोनों अदृश्य संकट हैं, लेकिन इनके प्रभाव दृश्यमान,गहरे और विनाशकारी हैं। पहला मानव की सोच को विकृत करता है, दूसरा शरीर और जीवन को नष्ट करता है। एक सभ्यता को भीतर से गिराता है, दूसरा समाज की ऊर्जा और युवा शक्ति को खोखला करता है। और सबसे महत्वपूर्ण,इन दोनों से लड़ाई केवल कानून या सरकार नहीं जीत सकती। यह मानवता का संघर्ष है, समाज का दायित्व है, शिक्षा का मिशन है और प्रत्येक नागरिक की जागरूक भूमिका का विषय है। यदि विचार शुद्ध हों और समाज जिम्मेदार हो, तो मानवता इन दोनों संकटों पर विजय पा सकती है। लेकिन यदि हम मौन रहे, उदासीन रहे या जिम्मेदारी टालते रहे,तो प्रगति के बावजूद सभ्यता का भविष्य सुरक्षित नहीं रहेगा।

# श्रीराम मन्दिर ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की बौखलाहट


ललित गर्ग

पाकिस्तान की भारत-निंदा की आदत कोई नई नहीं है; यह उसकी कूटनीति एवं संकीर्ण सोच का स्थायी चरित्र बन चुकी है। ऐसा शायद ही कोई अवसर हो जब भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती साख और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रभावी दृश्य उभरे और पाकिस्तान उसमें संकुचित मानसिकता से भरी त्रासद टिप्पणियां न करे, विरोध का वातावरण न बनाए या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनर्गल आरोपों का पुलिंदा न खोले। हाल ही में अयोध्याजी में श्रीराम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण समारोह को लेकर उसकी बौखलाहट इसी मानसिक दिवालियापन का ताजा उदाहरण है। भारतीयता के स्वाभाविक सद्भाव में सेंध लगाने का कोई अवसर पाकिस्तान हाथ से नहीं जाने देता। यह केवल एक धार्मिक समारोह नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता-स्मृति और सांस्कृतिक स्वाभिमान का वह क्षण था जिसने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। पाकिस्तान ने इस ऐतिहासिक घटना का विरोध ही नहीं किया बल्कि इसे संयुक्त राष्ट्र तक ले जाकर शिकायत की, जैसे उसे भारत के हर आंतरिक मामले में बाधा डालना ही अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारी समझ में आता हो। इससे पहले भी उसने राम मंदिर निर्माण के अवसर पर अनर्गल विरोध दर्ज कराया था। यह उसका वह ढर्रा है जो भारत के सांस्कृतिक उत्थान एवं उन्नयन की किसी भी झलक को देखकर सहन नहीं कर पाता। पूरे कुतर्क एवं कुचेष्टाओं के साथ अपने बयान में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि श्रीराम मन्दिर का ध्वजारोहण भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाने की व्यापक प्रवृत्ति का परिणाम है। वैसे, दुनिया जानती है कि किस देश में अल्पसंख्यक ज्यादा दबाव में हैं। आज के समय में पाकिस्तान में बमुश्किल 50 लाख हिंदू बचे हैं, अन्य अल्पसंख्यक सिख और ईसाई तो न के बराबर हैं। पश्चिमी पाकिस्तान में बंटवारे से पहले करीब 15 प्रतिशत हिंदू रहा करते थे, पर बंटवारे के बाद हिंदुओं की संख्या 2 प्रतिशत के आसपास आ सिमटी। दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त राज्य



अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पूरे पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड़न जारी रहा है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत के अनुसार पाकिस्तान की यह दखलअंदाजी केवल अस्वीकार्य ही नहीं, बल्कि उसकी दोहरी मानसिकता और पाखंडी चरित्र को भी उजागर करती है। विडंबना यह है कि जो देश स्वयं अपने ही नागरिकों को सुरक्षित रखने में असमर्थ है, जो अपने ही अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता रहा है, वह भारत में मुसलमानों के अधिकारों की चिन्ता में रातभर जागने का अभिनय कर रहा है। वह देश, जहां हिंदुओं की आबादी 1947 से लेकर आज तक लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुँच चुकी है, जहां सिखों पर अत्याचार के अनगिनत उदाहरण मौजूद हैं, जहां ईसाइयों की प्रार्थना सभाओं को अक्सर हिंसा का निशाना बनाया जाता है, वह भारत में अल्पसंख्यक अधिकारों पर प्रवचन देने का नैतिक अधिकार कैसे प्राप्त कर सकता है? पाकिस्तान की विश्वसनीयता इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि उसकी हर शिकायत एक राजनीतिक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं रह जाती।

पाकिस्तान के इस व्यवहार के पीछे भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, उभरती वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत होती राष्ट्र-चेतना का भय साफ दिखाई देता है। भारत आज जिस तेजी से विश्व राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है, उसकी आर्थिक शक्ति जितनी तेजी से बढ़ रही है और जिसके सांस्कृतिक और सभ्यतागत विमर्शों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है, वह पाकिस्तान की बेचैनी का मूल कारण है। पाकिस्तान यह समझ चुका है कि भारत केवल राजनीतिक या आर्थिक शक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण और इसके साथ जुड़ी सांस्कृतिक चेतना भारतीय समाज के भीतर एक नई एकता, नई ऊर्जा और एक नए आत्मसम्मान का निर्माण कर रही है। यही वह शक्ति है जिसे पाकिस्तान सबसे अधिक डरता है क्योंकि एक आत्मविश्वासी, एकजुट और संस्कृति-प्राण भारत उसकी कट्टरपंथी राजनीति और भारत-विरोधी साजिशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पाकिस्तान की ओर से जो बुकलेट्स और शिकायतें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पेश की जाती हैं, वे वस्तुतः उसकी असफल विदेश नीति का प्रमाण-पत्र हैं। एक ऐसा देश, जो आज आर्थिक दिवालियापन, राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद की जड़ों में स्वयं फंसा हुआ है, वह भारत के आंतरिक धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक संकट बनाने का हास्यास्पद प्रयास करता है। उसका यह व्यवहार न केवल हस्तक्षेपकारी है, बल्कि उकसाने वाला भी है। भारत इन सब निराधार आरोपों को न केवल तथ्यात्मक रूप से खारिज करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर हर मंच पर सटीक जवाब देने की तैयारी भी रखता है। भारत की नीति स्पष्ट है, वह किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देता, परंतु अपने आंतरिक मामलों पर किसी की दखलंदाजी भी स्वीकार नहीं करता। भारत की आंतरिक नीतियाँ संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था से संचालित होती हैं। यहां का अल्पसंख्यक समुदाय किसी भी अन्य समुदाय की तरह समान अधिकारों का उपभोग करता है। भारत की भूमि पर हर धर्म, पंथ और विचारधारा को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विविधता और समभाव वाला देश है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च केवल स्थापत्य संरचनाएँ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के बहुरंगी फूल हैं। पाकिस्तान की एकरंगी धार्मिक नीति और कट्टरपंथी दबदबा इसे समझ नहीं पाता, इसलिए वह भारत के धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति जताकर अपनी ही सीमित सोच को उजागर करता है। भारत ने हर चुनौती, हर आरोप और हर उत्तेजक बयान का शांतिपूर्ण और तथ्याधारित उत्तर दिया है। यह संयम उसकी शक्ति भी है और संस्कृति भी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत किसी उकसाने वाले कदम को नजरअंदाज करेगा। समय-समय पर भारत ने यह दिखाया है कि वह केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामरिक, कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर भी पर्याप्त सक्षम है। पाकिस्तान यह भलीभांति जानता है कि भारत अब इक्कीसवीं सदी का भारत है-आत्मनिर्भर, जागृत, संगठित और विश्व-मान्य शक्ति। अयोध्या में राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि भारत की आत्मा से जुड़े सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गूंज है। इसे कोई अंतरराष्ट्रीय मंच कमतर नहीं कर सकता। पाकिस्तान चाहे कितनी भी शिकायतें कर ले, कितने भी बयान जारी कर दे, या कितनी भी झूठी कहानियां गढ़ ले, भारत की सांस्कृतिक चेतना का उभार अविराम है और यह आगे भी नए आयाम स्थापित करता रहेगा।सच यह है कि पाकिस्तान की यह बौखलाहट उसकी पराजित मानसिकता का परिचायक है। भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती प्रतिष्ठा और उभरती सांस्कृतिक पहचान उसके लिए सबसे बड़ा संकट है। लेकिन भारत का रास्ता स्पष्ट है-वह आगे बढ़ेगा, अपनी सभ्यता को सशक्त करेगा, अपनी संस्कृति को विश्व-पटल पर स्थापित करेगा और किसी भी अनर्गल हस्तक्षेप का दृढ़ता से सामना करेगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** जनपद रामपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मतदाता सूची के अद्यतन, सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा किया जा रहा घर-घर सत्यापन, मृत, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट प्रविष्टियों की पहचान तथा पात्र मतदाताओं को जोड़ने का कार्य जनपद की गुणवत्ता-प्रधान निर्वाचक नामावली का आधार है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में अपने-अपने बूथ पर 100 प्रतिशत कार्य समय से पूर्व एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वाले साथियों का गौरव बढ़ाता है, बल्कि सभी बीएलओ के मनोबल को मजबूत करने वाला प्रेरणास्रोत भी है। सम्मानित बीएलओ-हमारे गर्व के अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 34-स्वार बूथ 138 जूनियर हाईस्कूल शिवनगर राजेन्द्र कुमार सागर, बूथ 135, प्राथमिक विद्यालय धनौरा श्रीमती विमला, बूथ 06 प्राथमिक विद्यालय करीमपुर हितेन्द्र सिंह पाल विधानसभा क्षेत्र 35-चमरौआ बूथ 52 प्राथमिक विद्यालय पदपुरी परवेज खान विधानसभा क्षेत्र 36-बिलासपुर बूथ 200 पिपलिया मिश्र श्रीमती सुनीता जैन विधानसभा क्षेत्र 38-मिलक बूथ 101 प्राथमिक विद्यालय नया भवन जयतौली श्री राजवीर सिंह जिलाधिकारी ने कहा कि सटीक, पारदर्शी तथा त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली के निर्माण में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज सम्मानित बीएलओ ने मेहनत, प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह अन्य सभी बीएलओ साथियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। उन्होंने जनपद के सभी बीएलओ से अपील की, कि इसी उत्साह, ईमानदारी और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनपद को प्रदेश में उत्कृष्ट श्रेणी में स्थापित करें।



# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा किया गया बीट बुक का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस कर्मियों की बीट बुक एवं बीट संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने, महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता कार्यक्रम संचालित करने एवं स्थानीय नागरिकों के साथ बेहतर जनसंपर्क बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

बीट बुक के उत्तम संधारण, बीट से संबंधित पूर्ण, सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध रखने तथा बीट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु निम्न पुलिस कर्मियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मुख्य आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार बादल थाना मिलक महिला आरक्षी स्वेता राजपूत थाना केमरी मु0आ पुष्पेन्द्र कुमार की बीट बुक को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पूर्ण प्रविष्टियों, सटीक अभिलेखन एवं



उत्तम सुलेख के आधार पर उत्कृष्ट बीट बुक का सम्मान प्रदान किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान पुलिस कर्मियों के श्रेष्ठ कार्य, कर्तव्यनिष्ठा, लगन, तथा बीट प्रबंधन में उनकी दक्षता का प्रतीक है।

# मनस्विनी झांसी द्वारा गरिमामय आठवें शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** महिला सशक्तिकरण, आधुनिक शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यरत **मनस्विनी महिला संगठन, झांसी** द्वारा आठवें भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन की चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता, सचिव निधि नगरिया, कोषाध्यक्ष संयोगिता सेन, मुख्य अतिथि *अपर नगर आयुक्त, नगर निगम झांसी, श्रीमती रोली गुप्ता* तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. नीति शास्त्री वडॉ कीर्ति सागर पूर्व समीक्षा अधिकारी उच्च न्यायालय प्रयागराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के मंचासीन होने के पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। अतिथियों का पारंपरिक रूप से टीका लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने संगठन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को आधुनिक शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का आह्वान किया। इसके पश्चात वर्ष 2024झ25 के कार्यक्रमों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से गतिविधियों का वीडियो प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम संयोजिका अलका मित्तल तथा अर्चना गुप्ता के मनोरंजन हेतु फिलर के रूप में प्रश्नोत्तरी राउंड में चॉकलेट बांटी गई। समारोह में विभिन्न कार्यक्रम संयोजिकाओं -राम श्री गुप्ता निधि नगरिया रजनी वर्मा संयोगिता सेन शशि सराओगी तथा दिव्या गुप्ता को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रोली गुप्ता द्वारा नई कार्यकारिणी– अध्यक्ष रजनी सेठ, सचिव निधि नगरिया एवं कोषाध्यक्ष संयोगिता सेन को शपथ दिलाई गई। इसके बाद विशिष्ट अतिथि डॉ नीति शास्त्री द्वारा नए सदस्यों को भी शपथ ग्रहण कराई गई। सदस्य बनाने में योगदान देने वालों को विशेष मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह तथा नये सदस्यों को भेंट दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता रजनी सेठ रश्मि रावत रजनी वर्मा अर्चना गुप्ता संयोगिता सेन अलका मित्तल आयुषी गुप्ता राम श्री बरसैयां रीमा गुप्ता कुसुम साहू मीनू चावला आशा गुप्ता अर्चना गुप्ता शालू गर्ग अंजू सोनी आकांक्षा मलैया वंदना राय कामिनी गुप्ता आरती शांडिल्य शकुन गुप्ता रचना सोनी सीमा शर्मा अर्पणा द्विवेदी शशि सरावगी दिव्या गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। अंत में विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि के प्रेरणादायी उद्बोधनों के पश्चात सचिव निधि नगरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया!

# भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में किसान समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में किसान समीक्षा बैठक एवं नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के स्वागत समारोह का आयोजन जिला रामपुर में भव्य रूप से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) एकलव्य सिंह सहारा ने शिरकत की। जिला रामपुर में किसानों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का अनेक स्थानों पर ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा और जोरदार जयकारों के साथ उत्साहपूर्ण स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन गुरप्रीत अटवाल एवं रोमान खान ने सफलतापूर्वक किया। मुख्य अतिथि एकलव्य सिंह सहारा ने किसानों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा संगठन पदाधिकारियों के मार्गदर्शन के साथ-साथ कार्यकताओं की मेहनत और विश्वास से ही चलता है। कार्यक्रम के दौरान एकलव्य ने 100 युवाओं को सदस्यता ग्रहण करवायी तथा जिला रामपुर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया उन्होंने यह भी आश्वासन दिया जहां भी संगठन में 10 नए कार्यकर्ता जुड़ना चाहेंगे, मैं स्वयं वहाँ पहुँचकर उन्हें सदस्यता दिलाऊँगा। संगठन आपका था, आपका है और हमेशा आपका ही रहेगा। मेरे जैसे पदाधिकारी आते-जाते रहेंगे, लेकिन संगठन सदैव अटल रहेगा।

# तेंदुआ दिखने से क्षेत्र में मचा हड़कंप दहशत में ग्रामीण

वेलकम इंडिया



पहासू/बुलंदशहर/पहासू क्षेत्र मे खेड़ा गांव के जंगलों में बुधवार देर रात तेंदुआ देखा गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। देर रात एक किसान अपने खेत पर काम कर रहा था, तभी उसने तेंदुए को देखा। किसान के शोर मचाने पर तेंदुआ भाग गया।

इसी दौरान, किसी ग्रामीण ने अपने फोन में तेंदुए का वीडियो बना लिया। ग्रामीण मिंकू चौहान, राजेश पंडित, राजकुमार सिंह चौहान, चुन्नू लाल सिंह पंडित, जितेंद्र पंडित और पुष्पेंद्र चौहान मोनू सिंह आदि, ने बताया कि नहर किनारे तेंदुए की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने रात भर जागकर पहरा दिया। उन्होंने गांव के सभी लोगों को सचेत रहने की सलाह दी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अपने पशुओं की चिंता सता रही है कि कहीं तेंदुआ गांव में घुसकर उन पर या बच्चों पर हमला न कर दे। इस संबंध में वन विभाग अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि उनकी टीमें मौके पर लगी हुई हैं। तेंदुए के पदचिन्हों की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद जल्द से जल्द उसे पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। वैसे ग्रामीणों से अपील है कि सतर्क रहें।

# लव कुश फौजी ने बिजनौर में आर्मी कैंटीन खुलवाने की, चौधरी जयंत सिंह से मांग की

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी लवकुश फौजी ने केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह से दिल्ली में उनके आवास पर खुशनुमा माहौल में मुलाकात की तथा उन्हें भारत रत्न, किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का चित्र भेंट किया।

लवकुश फौजी ने बिजनौर में आर्मी कैंटीन (सीएसडी) खुलवाने की रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह से पुरजोर मांग की। इसके लिए रालोद अध्यक्ष ने पूर्ण आश्वासन दिया। चौधरी जयंत सिंह ने लवकुश फौजी से बिजनौर राष्ट्रीय लोकदल की वर्तमान स्थिति पर संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान पीतम सिंह जिला उपाध्यक्ष, ब्रजवीर सिंह आर्य जिला महासचिव, प्रमोद फौजी उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ तथा अनमोल सिंह पूर्व प्रधान मंडावली साथ रहे।

# डीएम के माध्यम से मध्य प्रदेश मुख्यमन्त्री को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर मुरादाबाद द्वारा आज एक ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश भोपाल के नाम सौपा गया इस ज्ञापन के माध्यम से श्री वर्मा आई ए एस द्वारा ब्राह्मणों के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध किया गया तथा यह मांग की गई कि श्री वर्मा के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए जिससे कि इस प्रकार की अनर्गल बातें करने की किसी की हिम्मत ना हो ज्ञापन की प्रति गृहमंत्री भारत सरकार तथा राज्यपाल महोदय मध्य प्रदेश को भी प्रेषित की गई इस अवसर पर डॉ प्रदीप शर्मा अनिल कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुशील कुमार शर्मा राकेश कुमार शर्मा संजय स्वामी अनिमेष शर्मा दिनेश कुमार शर्मा प्रेम प्रकाश शर्मा अमित शर्मा राजू राघव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने विभागों को निर्देशित किया अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूरा किया जाए

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति के निर्देशन में कोहरे के मौसम में सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर संबंधित विभागों द्वारा तेजी से कार्यवाही की जा रही है। विगत दिवस हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन में गन्ना विभाग, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, एनएचएआई समेत सभी विभाग सक्रिय मोड में हैं।

जिलाधिकारी के निदेशानुसार गन्ना विभाग द्वारा आज तक जनपद के सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर 670 वाहनों तथा चीनी मिलों पर गन्ना लेकर आने वाले 20,530 ट्रकों/ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा चुके हैं। अन्य वाहनों पर टेप लगाए जाने का काम भी लगातार जारी है। साथ ही 156 व्यवसायिक वाहनों पर भी रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए हैं। परिवहन विभाग/एआरटीओ द्वारा जनपद की सभी स्कूली बसों की फिटनेस जांच एवं रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। रोडवेज विभाग द्वारा लगभग सभी 119 बसों की फिटनेस पूर्ण कराकर उन्हें सुरक्षित संचालन हेतु मार्ग पर भेज दिया गया है। एनएचएआई द्वारा राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर सड़क सुरक्षा बढ़ाने हेतु थर्मो प्लास्टिक पेंट, रिफ्लेक्टिव मार्किंग आदि कार्य किए जा रहे हैं। वर्ष 2018 से 2024 तक चिन्हित 14 ब्लैक स्पॉट में से 11 का सुधार कार्य पूरा किया जा चुका है, शेष 3 ब्लैक स्पॉट पर कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मानक से कम फार्म डिजिटाइज करने वाले बीएलओ के विरुद्ध विभागीय नियंत्रण प्राधिकारी को एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विभागीय नियंत्रण प्राधिकारी को निर्देश दिए कि जिन बीएलओ द्वारा मानक से कम गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया है। उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा जिन बीएलओ के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रगति आज शाम तक 50% से कम पाई जाएं, उनके विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने आमजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा आयोग की निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उनके नाम आगामी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्रों पत्रों को डिजिटाइज्ड करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर, 2025 निर्धारित की गई है। नियत तिथि के बाद मतदाता द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीतिक दल के पदाधिकारी का आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने और निर्धारित समय में शत प्रतिशत रूप से गणना पत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के कार्य में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें और सभी मत दे स्थलों पर अपनी अपनी पार्टियों के बूथ लेवल अभिकर्ता का चयन कर एसआईआर के कार्य में सहयोग उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है, जिसमें 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को प्रेषित किए जाने हैं ताकि समय पूर्वक उनको डिजिटल किया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा उक्त कार्य के लिए 4 दिसंबर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले गणना पत्रों को आगामी मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि अपने गणना प्रपत्र 30 नवंबर, 2025 तक बूथ लेवल अधिकारियों को जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि वे उनको डिजिटाइज्ड कर सकें। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र मतदाताओं को उपलब्ध कराने एवं उनको भरवा कर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए पंचायत राज, बेसिक शिक्षा, नगर विकास, महिला एवं बाल कल्याण विकास सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को लगाया गया है ताकि आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सर का कार्य पूर्ण किया जा सके।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, समाजवादी पार्टी से अखलाक पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11वीं जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 11 वीं जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद मथुरा में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के प्रति दुख प्रकट किया है। उन्होनें जनपदीय सड़क सुरक्षा संबंधी समस्त स्टेक होल्डर विभागों को यह निर्देश दिया है कि मा० मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाई जाए।

जिलाधिकारी द्वारा शीत ऋतु एवं कोहरे की सम्भावना को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता, एनएचएआई को निर्देशित किया है कि जनपद के सड़क किनारे लगे वृक्षों की छटाई करा कर, सभी वृक्षों पर रेडियम पट्टी लगवाना सुनिश्चित करें। एआरटीओ को निर्देश दिये कि वे एनएचएआई, यमुना एक्सप्रेस वे पर अनाधिकृत रूप से खड़े ट्रकों / वाहनों के विरूद्ध सघन प्रवर्तन कार्यवाही करें एवं ट्रैक्टर-ट्राली पर रेडियम पट्टी लगवाना भी सुनिश्चित करें, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

जिलाधिकारी द्वारा परिवहन विभाग, पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि उक्त समयकाल में जनसमुदाय को जागरूक किया जाये एवं नियम तोड़ने वालो के विरूद्ध शत-प्रतिशत कार्यवाही की जाये। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त 09 थाना क्षेत्रों में एम्बूलेंस 24 घण्टे उपलब्ध रहे एवं दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को तुरंत उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल (सरकारी/ प्राईवेट) में पहुँचाया जा सके।

बैठक में मनीषा मीना, मुख्य विकास अधिकारी, एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश राजपूत, एआरटीओ प्रशासन नीतू सिंह, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य स्टेकहोल्डरों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## ट्रक का संतुलन बिगड़ा, पलटने से चलाक घायल

**कांधला।** नगर के रेलवे मार्ग छोटी नहर पुल के समीप एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया गनीमत रही कि हादसे में किसी तरह की कोई भी जनहानि नहीं हुई ट्रक पलटने से चालक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। गाजियाबाद जनपद के गांव दादरी निवासी मोहम्मद मियां अपना ट्रक लेकर हरियाणा की और सामान लेने के लिए जा रहा था। ट्रक चालक जैसे ही नगर के रेलवे मार्ग स्थित छोटी नहर पुल पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं पराली से भरे ट्रैक्टर ट्राली मैं टक्कर हो जाने के बचने के प्रयास में ट्रक चालक का अचानक से संतुलन बिगड़ गया। ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि ट्रक की चपेट में आकर कोई भी जनहानि नहीं हुई। ट्रक में सवार चालक मोहम्मद मियां घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस को आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी।

# संत समाज की पहल से राम जानकी संस्कृत विद्यालय की जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया



वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद।** जैतपुरा स्थित राम जानकी संस्कृत विद्यालय की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद आज संत समाज की सक्रियता से सुलझ गया। सोमवार को हुई वाराणसी संत समाज की बैठक के बाद संतों ने स्थल पर पहुँचकर विवादित स्थान का निरीक्षण किया और अवैध कब्जा हटवा दिया। बीते दिनों विद्यालय परिसर की जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण के विरोध में संत समाज ने धरना भी दिया था। शिकायत के बाद संत समाज ने आज की बैठक में कब्जेदार पक्ष को भी बुलाने का प्रयास किया, लेकिन ह्यमिश्रा परिवारह्न की ओर से कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ।संत समाज के प्रतिनिधियों के अनुसार, विद्यालय की भूमि पर अनधिकृत निर्माण धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं के विपरीत है।

मौके पर पहुँचे संतों ने आपसी सहयोग से अतिक्रमण हटवाया और स्पष्ट किया कि विद्यालय की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या व्यवसाय स्वीकार नहीं किया जाएगा।स्थानीय संतों ने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न पैदा हो, इसके लिए विद्यालय की भूमि से जुड़े सभी कागजात एवं सीमा निर्धारण को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने प्रशासन से भी अनुरोध किया कि परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।राम जानकी संस्कृत विद्यालय प्रबंधन ने संत समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर की गई पहल से परिसर की पवित्रता और संपत्ति की रक्षा हो सकी है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

## सार संक्षेप

### पत्रकार के दादी का निधन, पत्रकारों में शोक



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के ठठरा (कछवांरोड) निवासी एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार अवनीश दूबे उर्फ अंकुश के दादी महदेई देवी उम्र (८९) वर्ष का बुधवार की देर रात लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया।शुक्रवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी घाट पर हुआ। मुखाग्नि इकलौता पुत्र दीनानाथ दूबे ने दिया।इस दौरान घाट पर पत्रकार, जनप्रतिनिधियों समेत क्षेत्र के सम्मानित लोग शामिल रहे।अवनीश ने बताया कि काफी दिनों से बीमार चल रही थी इलाज चल रहा था अचानक देर रात तबियत ज्यादा खराब हुआ और जबतक हॉस्पिटल लेकर जाता निधन हो गया।शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश महासचिव पवन त्रिपाठी, कृष्ण कुमार गुप्ता, पत्रकार उमेश उपाध्याय, संतोष दूबे, भरत निधि तिवारी, विनीत त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, जितेंद्र अग्रहरि, देवेन्द्र पटेल, अमृत लाल यादव, अभिषेक यादव समेत अन्य लोग रहे।

### एसआईआर कार्य में शिक्षामित्र महिला बीएलओ का कार्य असंतोषजनक

**मथुरा/कोसीकलां।** तहसीलदार छाता ने एक महिला बीएलओ तथा उसके पति पर महिला बीएलओ के स्थान पर उनके पति के कार्य करने एवं उनके द्वारा किया जा रहा कार्य असंतोषजनक बताते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए दंपति के खिलाफ थाना कोसीकलां में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। तहसीलदार छाता मनोज कुमार द्वारा थाना में दर्ज कराए गए मुकदमे के मुताबिक उनके आदेषानुसार सुपरवाइजर प्रेमकिषोर ने बीएलओ रेखा पत्नी दौलत सिंह निवासी अज्ञात मथुरा उ.प्र की निर्वाचन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि बीएलओ रेखा द्वारा 25 नवंबर तक सिर्फ 57 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेषन किया गया है, जो कि असंतोषजनक पाया गया, जिसको लेकर उन्होने बीएलओ रेखा से मोबाइल पर वार्ता की गयी। आरोप है कि फोन पर उनके पति जिसमें उनके पति दौलत सिंह पुत्र कृपाल सिंह द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। आरोप है कि बीएलओ रेखा के पति दौलत सिंह पुत्र कृपाल सिंह जानबूझकर निर्वाचन जैसे अति महत्तपूर्ण कार्य में अपनी पत्नी षिक्षामित्र को नहीं भेज रहे हैं। इसके अलावा गलत मंषा के साथ सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं। तहसीलदार का आरोप है कि बीएलओ रेखा का कहना है कि चाहे उन्हें षिक्षामित्र से हटा दिया जाए लेकिन वह निर्वाचन का कार्य नहीं करेंगी। तहसीलदार ने मामले को लोक अधिनियम के विरूद्ध बताते हुए पति एवं पत्नी के खिलाफ थाना कोसीकलां में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

### डीएम नहीं सुधार पा रहे सिस्टम

**मथुरा।** प्रशासनिक न्यायाधिकारियों की अनियमितता जारी हैं। अधिवक्ताओं का प्रशासनिक न्यायालयों का कार्य बहिष्कार भी जारी है। जिलाधिकारी से कई दौर की वार्ता के बाद भी चीज नहीं सुधरी है। पिछले 6 महीने से बादकारियों को सिर्फ नो वर्क और तारीख ही मिल रही हैं। कई हजार मुकदमे इसके चलते अटके पड़े हैं। अधिवक्ताओं का एक दल 28 नवंबर को लखनऊ जा रहा है। यहां प्सचिव राजस्व एवं चेयरमैन राजस्व परिषद से मुलाकात कर मथुरा जनपद की वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि लखनऊ दो दर्जन अधिवक्ताओं का दल जा रहा है। अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यू एवं सचिव राजेश को परिषद द्वारा मुलाकात का समय दे दिया गया है। मथुरा में प्रशासनिक न्यायालय में अधिकारियों द्वारा बरती जा रही है अनियमितताओं का चिट्ठा उन्हें सोंपा जाएगा। गुजरे 20 दिन से अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर जिलाधिकारी से भी मुलाकात कर चुके हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान उनके उत्तर से नहीं किया गया है। अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। व्यापक अनियमितताओं की जानकारी जिलाधिकारी को देने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। वादकारी परेशान हैं। सरकारी मातहत भूमाफियाओं के हक में काम कर रहे हैं। आम आदमी परेशान हो रहा है। मुकदमों में संक्रमित निर्णय लिए जा रहे हैं।

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 06 दिसम्बर

**बुलन्दशहर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 06 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से पूर्व विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर डळफ भरना अनिवार्य है। विद्यार्थी scholarship.up.gov.in पर जाकर निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर सकते हैं।

# आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन में हुआ नए स्कूल ब्लॉक का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** बालिकाओं की शिक्षा में अग्रणी शिक्षण संस्थान में एक नए स्कूल ब्लॉक का निर्माण करवाया गया जो डिडवानिया रतनलाल चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई द्वारा कराया गया। नए भवन को डिडवानिया रतनलाल चेरिटेबल ट्रस्ट स्कूल ब्लॉक नाम दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने यज्ञ किया और विद्यालय की सबसे छोटी कन्या विद्यार्थी गार्गी द्वारा शिलापट्टिका का उद्घाटन किया गया। इन कक्षों को बालिकाओं की शिक्षा हेतु समर्पित किया गया है।

कार्यक्रम में डिडवानिया रतनलाल चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि सोहन सिंह उपस्थित रहे, जिनका स्वागत सत्कार विद्यालय के प्रबंधक दान बिहारी शर्मा द्वारा किया गया। इस भवन निर्माण में श्रीमती पल्लवी एवं कपिल माहेश्वरी, विजय माहेश्वरी एवं के. सी तोषनीवाल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया गया।

भवन निर्माण में विद्यालय में अध्यापक दीनदयाल शर्मा द्वारा विशेष योगदान दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूर्णिमा कौशिक ने बताया कि 1970 में विद्यालय की स्थापना के समय से बनी पुरानी इमारत जीर्ण हो चुकी थी, अब नए भवनों के बनाए जाने से विद्यार्थियों और अध्यापकों को बहुत सुविधा होगी।

इस अवसर पर विद्यालय से मधुसूदन कौशिक, दिलीप कुमार शर्मा, सुरेश कौशिक, नूतन शर्मा, योगेश शुक्ला, श्रीमती शालिनी भारद्वाज, श्रीमती पूनम, श्रीमती सीमा, नरेश, खगेंद्र, चित्रांश, श चंद्रशेखर शर्मा, श्रीमती कमलेश, श्रीमती रोमिता, श्रीमती अर्चना, श्रीमती रुचि, श्रीमती प्रीति, श्रीमती कृष्णा, कु. चंचल, कु. पूनम, कु. मीनाक्षी, कु. चंचल दास आदि उपस्थित रहे।

## वृद्ध बाराती का शव तालाब में तैरता हुआ मिला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव जटपुरा के एक तालाब में चार दिन पहले आई एक बारात के एक वृद्ध बाराती का शव तैरता हुआ मिला। पुलिस ने जांच शुरू की। खुर्जा क्षेत्र के गांव भिंडौर से एक बारात अहार क्षेत्र के गांव जटपुरा में आई थी। वृद्ध सतवीर पुत्र टूकीराम निवासी भिंडौर भी बारात में आया था।बारात तो दुल्हन लेकर सकुशल विदा होकर अपने गांव चली गई।अगले दिन वृद्ध के परिजनों को चिंता हुई तो उनको इधर उधर ढूंढ रहे थे। इधर जटपुरा गांव में एक तालाब था। सुबह को लोग तालाब के किनारे रास्ते से होकर गुजर रहे थे।इसी दौरान एक वृद्ध का शव तैरता हुआ हुआ दिखाई दिया। पुलिस को सूचना दी गई।

# किसान दिवस पर भाकियू (एकता शक्ति) ने जिलाधिकारी को सौंपा महत्वपूर्ण ज्ञापन




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** आदेशानुसार, युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री शारुख मालिक (सह-प्रभारी हापुड़) तथा हापुड़ मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष श्री केशव भारद्वाज के नेतृत्व में किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हापुड़ को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में निम्न प्रमुख समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा गया नगर पालिका क्षेत्र में स्थित दो वार्डों के बीच ब्रजघाट टोल प्लाजा होने से आम नागरिकों, व्यापारियों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ब्रजघाट तीर्थ नगरी में बंदरों का बढ़ता आतंक, जिसके कारण छोटे बच्चों को चोटें पहुँचने और लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल होने की शिकायतें सामने आईं–प्रशासन से तत्काल संज्ञान की मांग की गई। भीख मांगने वाले एवं माफिया तत्वों का बढ़ता दबदबा, जो यात्रियों को घेरकर छीना-झपटी और जबरन वसूली करते हैं, जिससे तीर्थयात्रियों और स्थानीय निवासियों में भय का माहौल बन गया है।

# विधायक मनोज यादव लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने पर पहुंचे अपना विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ताओं ने किया नागरिक अभिनंदन

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी




**बांका।** बेलहर विधानसभा के जदयू विधायक मनोज यादव लगातार दूसरी बार बांका जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट से विधानसभा चुनाव में निर्वाचित होने के बाद वह अपने बेलहर विधानसभा क्षेत्र के चांदन प्रखंड के भैरवगंज पहुंचे जहां कार्यकताओं ने उनके पहुंचने पर भव्य नागरिक अभिनंदन किया मौके पर विधायक मनोज यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेलहर की जनता ने उनके ऊपर जो इतना बड़ा भरोसा जताया है इसके लिए मैं उनका तहे दिल से स्वागत करता हूं उन्होंने कहा कि 5 साल जिस तरह से क्षेत्र में मैंने कार्य किया इसलिए जनता ने मेरे ऊपर अपना जबरदस्त आशीर्वाद दिया उन्होंने कहा बिहार में एनडीए की सरकार की विकास कार्य से प्रभावित होकर बिहार की जनता ने बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दोबारा बनाने के लिए भी उन्होंने बिहार की जनता को भी उन्होंने धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि आने वाले अब पांच वर्ष में बिहार मैं विकास की एक नई इबादत लिखी जाएगी

उन्होंने कहा कि बेलहर विधानसभा में विपक्ष मैं लड़ रहे उम्मीदवारों को वह उनके धन बल को जनता ने नाकरते हुए जनता ने एनडीए सरकार की कल्याणकारी योजना वह बिहार की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुशासन भाव को और मेरे 5 वर्ष की विकास कार्यों कुछ देखते हुए इतना बड़ा जन समर्थन मुझे दिया इस मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार भारती अरविंद पांडे रजत सिन्हा तारिणी यादव शिबू मंडल हेमराज यादव पवन यादव अशर्फी यादव उमेश यादव सुजीत रामानी टीपन पासवान रितेश कुमार उर्फ रिंकू मंडल आदि मौजूद थे।

# विश्व की पहली अनपढ़ मां पर लिखी बायोग्राफी का लोकार्पण कबीर साहित्य परिषद की प्रथम वर्षगांठ पर हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद हापुड़ ग्राम मुरादपुर के गुलशन पब्लिक स्कूल में कबीर साहित्य परिषदझ्रभारत की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर विश्व साहित्य में जीवित मां पर लिखी गई पहली बायोग्राफी अनपढ़ मां की जंग तथा प्रेम पथिक साझा गीत संग्रह का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में 76वां संविधान दिवस भी गरिमापूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम में मेरठ से आए वरिष्ठ साहित्यकार डा. रामगोपाल भारतीय ने कहा कि डा. नरेश सागर द्वारा अपने दम पर इतना बड़ा आयोजन उनके साहित्य प्रेम को दशार्ता है।

अनपढ़ मां की जंग साहित्यकारों के लिए नए विषयों के द्वार खोलती है,उन्होंने कहा।महाकवि डोरीलाल भास्कर ने कहा कि जीवित मां पर पुस्तक लिखने वाले डा. नरेश सागर पहले ऐसे कलमकार हैं। वहीं कवियत्री रामकुमारी ने कहा कि बेखौफ शायर डा. सागर ने साहित्य में एक नई और अनछुई परंपरा की बुनियाद रखी है, जो सराहनीय है।कार्यक्रम में डा. नरेश सागर ने अपनी रचना का पाठ करते हुए कहा मां ने तो सबको लिखा, मां को लिखे कौन,एक कोशिश मैंने करी, सागर टूटे मौन।उन्होंने बताया कि वृद्ध आश्रमों में रोते-बिलखते माता-पिता का दर्द देखकर ही इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा मिली। कवयित्री पूनम सागर ह्यकविताह्न ने कहा कि जिस युग में लोग अपने असहाय माता-पिता को वृद्ध आश्रमों में छोड़ आते हैं, उसी समय डा. सागर ने साहित्य के माध्यम से एक नया आंदोलन छेड़ा है, जो उन्हें बेखौफ बनाता है।कार्यक्रम में आगरा से कवि सुनील कुमार, बरेली से कुमार भुवनेश, सहारनपुर से सपना श्रुति, बिजनौर से डा. अमित कुमार बिजनौरी, मुजफ्फरनगर से पूनम उदयचंद्रा, तथा मेरठ से रामकुमारी, शगुन चंद्रशेखर, मयूर, सचिन निगम, विजय वत्स, अशोक साहिब, गुफरान खान, पूनम सागर, सीमा सागर, मा. महेंद्र, डा. राजेश, सोनू सागर सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने किया जीवन पोर्टल/जन्म मृत्यु पोर्टल का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जीवन पोर्टल/जन्म मृत्यु पोर्टल का शुभारंभ किया। जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 यथा संशोधित 2023 की धारा 12 के अनुसार प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है, निहित प्रावधानों के अंतर्गत पंजीकरण पूरी होने होते ही सूचना देने वाले को 7 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना चाहिए। यह भी अनिवार्य है की जन्म अथवा मृत्यु की घटना घटित होने की तिथि से 21 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है, किंतु समीक्षा में लगातार पाया जाता है कि समयबद्ध पंजीकरण नहीं होते हैं एवं सभी जन्म एवं मृत्यु के शत प्रतिशत पंजीकरण नहीं होते हैं। सामान्य रूप में जब अभिभावक को अपने बच्चों का किसी विद्यालय में दाखिला करना होता है, तब वह जन्म प्रमाण पत्र के लिए तीन या चार वर्षो के बाद रजिस्ट्रार के चक्कर लगाते है।

इसी प्रकार मृत्यु के उपरांत उसकी जमीन या बैंक खातों का ट्रांसफर होना होता है तब मृत्यु प्रमाण पत्र आमजन लेता है। यह भी समीक्षा में पाया गया है कि महिला के नाम अगर बैंक खाते में पैसे नहीं है व उसके नाम भूमि नहीं है तो महिला की मृत्यु का पंजीकरण नहीं होता, ना ही प्रमाण पत्र निर्गत होता है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित समयबद्ध और शत प्रतिशत पंजीकरण हेतु करने हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में तथा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से जीवन पोर्टल तैयार कराया गया। मंडलायुक्त जी ने उपस्थित पंचायत सहायक, आशा, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इस पोर्टल का उपयोग कर भारत सरकार एवं जन्म मृत्यु पोर्टल अधिनियम के लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। यदि यह पोर्टल जनपद मथुरा द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाता है तो पूरे प्रदेश में इस पोर्टल को लागू कराया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पोर्टल की पूरी जानकारी दी गई एवं जिलाधिकारी द्वारा समस्त सचिवों को इस पोर्टल का शतप्रतिशत उपयोग कर जनपद मथुरा की ग्रामीण जनता को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

## नीव में घुसा पानी जमीन में धंसी मुआवजे की गुहार

**कांधला।** कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर जल भराव होने से एक व्यक्ति के मकान के नीव जमीन में धस गई पीड़ित व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मुआवजे की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर काफी दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे बस्ती के लोग निस्तारण की मांग कर रहे हैं। सड़क पर जल भराव होने से ग्रामीण अय्यूब के मकान के नीव में पानी घुस जाने से जमीन में धंस गई। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि उसका मकान गिर सकता है और बड़ी जनहानि हो सकती है। पीड़ित एवं उसका परिवार दहशत के साए में गुजर बसर कर रहे हैं। पीड़ित व्यक्ति ने गुरुवार को प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर निस्तारण की मांग कर मुआवजे की गुहार लगाई है।

# हापुड़ गन्ना विभाग में 8.25 करोड़ का घोटाला, गन्ना जिला अधिकारी सना आफरीद की भूमिका पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में गन्ना विभाग से जुड़ा 8 करोड़ 25 लाख रुपये का बड़ा वित्तीय घोटाला अप्रैल 2025 में संज्ञान में आने के बाद लगातार सवालों के घेरे में है। किसानों ने गन्ना जिला अधिकारी सना आफरीद की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच की मांग की है।

किसानों द्वारा दिए गए बिंदुओं के अनुसार फर्जी वाउचर पर दो अधिकारियों के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं तथा समिति के बैंक खाते पर अधिकारी का अलर्ट मैसेज भी जुड़ा होता है। इसके बावजूद यह बड़ा घोटाला लंबे समय तक अनदेखा रहा। नियमों के अनुसार, हर तीन माह में गन्ना जिला अधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया जाता है, जिसमें समिति के बैंक खातों की धनराशि, किसानों के भुगतान संबंधी वाउचर व खातों की विस्तृत जांच होती है। किसानों का आरोप है कि इतने निरीक्षणों के बावजूद यह फजीवाड़ा पकड़ा नहीं गया, जो स्वयं में कई सवाल खड़े करता है। किसानों ने आरोप लगाया है कि जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीद समिति के लेखाकार व सचिव को अपने कार्यालय में बुलाकर रजिस्टर और वाउचर की मिलान करवाती थीं, जबकि निरीक्षण स्थल समिति का कार्यालय होता है उदाहरणस्वरूप, 29 अप्रैल 2025 को ढोलाना गन्ना समिति का निरीक्षण कार्यालय में बैठकर ही कर लिया गया, जिससे निरीक्षण की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

किसानों ने यह भी कहा कि सना आफरीद वर्तमान में गाजियाबाद में बीज उत्पादक अधिकारी के पद पर भी तैनात हैं।उनके द्वारा हापुड़ कार्यालय में अपनी निजी और रिश्तेदार की गाड़ी का उपयोग कर ट्रांसपोर्ट किराया स्वयं लेने का आरोप भी किसानों ने लगाया है।साथ ही किसानों का कहना है कि उनकी ससुराल बुलंदशहर में होने से जांच प्रभावित होने की आशंका और बढ़ जाती है।

किसानों ने कहा कि उपरोक्त सभी बिंदुओं को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि सना आफरीद वर्तमान पद पर बनी रहती हैं, तो जांच प्रभावित हो सकती है तथा वे स्वयं को बचाने का प्रयास कर सकती हैं।अतः किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने हेतु गन्ना जिला अधिकारी सना आफरीद को हापुड़ से तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, ताकि करोड़ों रुपये के इस घोटाले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके और किसान हितों की रक्षा हो सके।



# अखण्ड बुंदेलखंड के सांसद राज्य निर्माण के विरोधी हैं इसलिए फूंका सामूहिक पुतला

वेलकम इंडिया



**झांसी।** बुंदेलखंड बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में अखंड बुंदेलखंड के 9 सांसदों का सामूहिक पुतला कचहरी पर फूंका गया। पुतला फूंकते समय कहा गया कि राज्य निर्माण का आन्दोलन लम्बे समय से किया जा रहा हैं। दो हजार आठ में राहुल गांधी ने सूखे बुंदेलखंड में दलितों की झोपडी में रात गुजार कर क्षेत्र की बदहाली पूरे देश को दिखलाई।

दो हजार ग्यारह में मायावती ने उ.प्र. विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर बुंदेलखंड राज्य के संघर्ष को आगे बढ़ाया। दो हजार चऊदा में नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह व उमाभारती ने प्रभु रामराजा सरकार को साक्षी मान कर तीन साल के भीतर बुंदेलखंड राज्य बनवा देने का वचन हम बुन्देलियों को दिया तो राज्य निर्माण आन्दोलन को पंख लग गए। पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं भैरो मिश्रा जी ने लोक सभा के भीतर आवाज उठकर बुन्देलियों में विश्वास जगाने का कार्य किया।

अखण्ड बुंदेलखंड के वर्तमान सांसद राज्य निर्माण के पक्षधर नहीं हैं इसीलिए ये राज्य निर्माण के साथ खड़े नजर नहीं आते हैं। जो बुंदेलखंड का नहीं वो किसी काम का नहीं इसलिए इन सांसदों का सामूहिक पुतला दहन किया गया। हम बुन्देलियों का पूरा प्रयास होगा कि इन सांसदों को हरा कर पृथक राज्य के समर्थकों को संसद में भेजने का कार्य किया जाएगा। पुलिस की छीना झपटी के बाद भी मोर्चा के योद्धा नौ सांसदों का पुतला फूंकने में कामयाब हो गए।

बुन्देली योद्धाओं ने सिर पर कफन बांध लिया हैं, अब राज्य निर्माण का संघर्ष आर या पार का होगा। पुतला दहन करने वालों में रघुराज शर्मा, गिरजा शंकर राय, रवि माथुर एडवोकेट , प्रदीप नाथ झा, कुंवर बहादुर आदिम, हनीफ खान, रामजी सिंह जादौन पारीछा, अनिल कश्यप, राजेंद्र कुमार पूर्व पार्षद, राजेश लोहिया, प्रेम सपेरे, शंकर रैकवार, अरुण रायकवार, अजय श्रीवास्तव, शाहजहां बेगम शाहिदा बेगम, प्रभु दयाल कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## सार संक्षेप

### खेत से छिला हुआ गन्ना चोरी, पुलिस गश्त की मांग तेज



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव वझीलपुर में किसान भगवान त्यागी पुत्र मंगू सिंह त्यागी के खेत से बीती रात अज्ञात चोर लगभग 35झ40 कुंटल छिला हुआ गन्ना चोरी कर ले गए। चोरी हुए गन्ने की कीमत करीब 15झ16 हजार रुपये बताई जा रही है।पीड़ित किसान भगवान त्यागी रोजाना की तरह सुबह अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ गन्ना लेने खेत पहुंचे, तो देखा कि पूरा छिला हुआ गन्ना गायब है। यह नजारा देखकर किसान हक्का-बक्का रह गए। घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई।सूचना पाकर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहले किसानों के नलकूपों से मोटर, स्टार्टर, केबल और बिजली के तारों की चोरी होती थी, लेकिन अब तो खेतों से छिला हुआ गन्ना चोरी होना अत्यंत चिंताजनक है। किसान अपनी फसलें और कृषि यंत्र निश्चिंत होकर खेतों में छोड़ जाते थे, लेकिन अब स्थिति गंभीर होती जा रही है। ज्ञानेन्द्र त्यागी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रि के समय जंगल और खेतों के क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए तथा गन्ना चोरी करने वाले अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में पैदल गश्त की



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हापुड़ ने बुधवार को थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस बल पैदल गश्त की।गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु पुलिस बल को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई यह पैदल गश्त क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता और जनसुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत किया।

### बृजघाट श्मशान में शव की जगह पुतले का अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर। थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत बृजघाट श्मशान घाट में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया, जहाँ शव के स्थान पर एक पुतला (डमी) का अंतिम संस्कार किए जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर महोदया ने मौके की जानकारी लेते हुए मामला संज्ञान में लिया। आधिकारिक वक्तव्य में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि श्मशान में वास्तविक शव के बजाय एक पुतले को जलाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर मौजूद संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी है।उन्होंने कहा कि मामले की गंभीर जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि पुतले का अंतिम संस्कार क्यों और किस उद्देश्य से किया गया। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्राधिकारी महोदया ने यह भी सुनिश्चित किया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण का सशक्त स्तम्भ है नारी शक्ति केंद्र : पूनम परिहार

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद में डाबर द्वारा वित्त पोषित स्वयं सेवी संस्था संदेश ने गाँव शौलाना में नारी शक्ति कटाई ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ किया।

केंद्र का शुभारंभ संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार, वरिष्ठ लेखाकार शिवचेत तोमर ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन व कटाई सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र वितरण अवसर पर पूनम सिंह परिहार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए अच्छी पढ़ाई के साथ साथ उसमे हुनर विकास होना भी आवश्यक हैं। क्योंकि परिवार चलाने के लिए आर्थिक साधनों की आवश्यकता पड़ती हैं और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए हुनरमंद होना जरूरी है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का घर से बाहर रोजगार के लिए जाना बहुत कठिन कार्य है। क्योंकि संसाधनों की कमी व समाज के बंधन उसे बाहर ना जाने के लिए मजबूर कर देता है। इन सभी समस्याओं व विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए संदेश संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें घर पर ही स्वरोजगार करने के लिए तैयार करने का काम करती है। संस्था द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के साथ साथ कटाई सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के अलावा भी अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है जिससे महिलाओं में हुनर का विकास कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

संदेश के परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि संदेश संस्था द्वारा कटाई सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के माध्यम से लगभग छः हजार महिलाओं व नवयुवतियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। तथा इनमें से ज्यादातर अपना स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से मजबूत हो चुकी हैं। शौलाना में संस्था द्वारा विकास के बहुत से कार्य किये गये है।

हुनर विकास के माध्यम से अब तक 500 से अधिक नवयुवतियों व महिलाओं को प्रशिक्षित के उन स्वावलंबी बनाया गया है। आज नारी शक्ति ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर कटाई सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 30 नवयुवतियों व महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरण किये गए।

# कविता माधरे ने संभाली हापुड़ जिले कमान

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद में भाजपा ने आधी आबादी को साधने के उद्देश्य से अनुसूचित वर्ग से जुड़ी कविता माधरे को जनपद हापुड़ की कमान सौंपते हुए सबसे पहली महिला जिला अध्यक्ष होने का अवसर प्रदान किया।केंद्र के साथ ही देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में सत्ता चल रही भारतीय जनता पार्टी ने सभी कयासों को धता साबित करते हुए पहली बार जनपद हापुड़ की कमान अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी कविता माधरे को सौंप दी है। जो काफी अरसे से भाजपा में कर्मठ कार्यकर्ता के तौर पर काम करती आ रही हैं। जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने से पहले कविता माधरे भाजपा महिला मोर्चे के क्षेत्रीय संगठन में क्षेत्रीय मंत्री के रूप में कार्य कर रही थीं। जिनके पति मोहन सिंह जनपद की जिला कार्यकारणी में जिला महामंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। कविता माधरे को जिला अध्यक्ष की कमान सौंप कर भाजपा ने एक तीर से दो निशाने साधने का प्रयास किया है। जिनमें एक तो जनपद की आबादी को अपने पक्ष में लामबद्ध करने का प्रयास है तो दूसरा अनुसूचित जाति वर्ग को यह संदेश देना है कि भाजपा ही उनकी सच्ची हितेषी है। जिला मंत्री पिंकी त्यागी, पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी, पूर्व चेयरमैन कृष्णवीर गब्बर आदि ने बधाई दी।

# पत्नी पर धारदार हथियार से किया हमला, गंभीर हालत में रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव डुंडूखेड़ा में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ धारदार हथियार से हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेडा निवासी महिला ममता पत्नी सतीश ने बताया कि उसके पति ने पूर्व में कृषि भूमि को बेच दिया है। उसका पति अब मकान बेचने की भी फिराक में है। गुरुवार को आरोपी गांव के लोगों को मकान बेचने की जिद कर रहा था। महिला के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपी पति ने धारदार हथियार से हमला कर अपनी पत्नी को घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर आ गए।आरोपी मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

# तहसीलदार के निर्देश पर हुआ पानी निकासी कार्य शुरू





वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर कई दिनों से जल भराव की समस्या से परेशान भारतीय किसान यूनियन आजाद एवं ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और सड़क के दोनों और पैमाइश कर चिन्हित कार्य किया। अवैध से अतिक्रमण कर रहे लोगों को हटाने के निर्देश दिए। और पानी की निकासी के लिए कच्चे नाले की खुदाई का कार्य शुरू किया आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर कई माह से सड़क पर जल भराव होने से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। समस्या से परेशान लोगों ने भारतीय किसान यूनियन आजाद संगठन के साथ मिलकर विकासखंड प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंप कर निस्तारण की मांग की थी। मामला मीडिया में सुर्खियां बनने पर गुरुवार को पानी की निकासी करने के लिए मौके पर कृषि अधिकारी जयदेव सिंह, हल्का लेखपाल मिंटू कुमार, विकासखंड सचिव अनुज तोमर, जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे। हल्का लेखपाल ने सड़क के दोनों और भूमि पैमाइश कर अतिक्रमण कर रहे लोगों को चेतावनी देते हुए चिन्हित करण का कार्य किया। और अवैध रूप से कब्जा किए गए लोगों को चेतावनी दी। इस दौरान सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कच्चे नाले की खुदाई का कार्य जेसीबी मशीन लगाकर शुरू किया। पानी निकालने का कार्य शुरू होने से आसपास के लोगों सहित राहगीरों ने राहत की सांस ली है। कृषि अधिकारी जयदेव सिंह ने कहा की तहसीलदार के निर्देश पर पानी निकासी का कार्य शुरू कराया गया है। और कब्जा करने वाले लोगों को चेतावनी जारी की गई है।

# सड़क किनारे बाग में लावारिस हालत में बाइक मिलने से फैली सनसनी

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित एक बाग के समीप लावारिस हालत में मोटरसाइकिल मिलने पर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल अपने कब्जे में लेकर मालिक की तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार की सवेरे थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर टहलने निकले लोगों ने एक बाग के निकट लावारिस हालत में मोटरसाइकिल पड़ी हुई दिखाई दी। लावारिस हालत में मोटरसाइकिल पड़ी होने से आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर आसपास के राहगीर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग और टहलने निकले महिला पुरुष भी जमा हो गए। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और लावारिस बड़ी मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास के स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया और सबूत खोजने का भी प्रयास किया मगर कोई भी पुलिस के हाथ सफलता नहीं लगी। पुलिस मोटरसाइकिल मालिक की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एक बाइक लावारिस हालत में प्राप्त हुई है, नंबरों के आधार पर मालिक की तलाश की जा रही है।

## नगदी और जेवरात समेटकर प्रेमी संग महिला हुई फरार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक महिला अपने प्रेमी के साथ घर से नगदी जेवरात समेट कर फरार हो गई। महिला की सास ने थाने पहुंचकर महिला व उसके दो प्रेमियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया पुलिस जांच में जुटी हुई है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र प्राइवेट नौकरी करता है और अक्सर घर से बाहर रहता है। उसके पुत्रवधू का गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है विरोध करने पर पुत्रवधू झूठे मुकदमे में फसने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाकर पीड़िता व के पुत्र को डरती रहती है। आरोप है कि गुरुवार सवेरे उसकी पुत्र वधू अपने प्रेमी व एक अन्य युवक के साथ घर में रखी नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गई। पीड़ित महिला ने अपनी पुत्रवधू और दोनों युवको के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# विद्यालय जा रहे छात्र पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर किया घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव भारसी में विद्यालय में पढ़ाई के लिए जा रहे 11 वर्षीय किशोर छात्र पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। छात्र का शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों ने डंडे लेकर कुत्तों के झुंड को भगाया और घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार कर दिल्ली अस्पताल रेपर किया है। नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है।

आवारा कुत्तों के झुंड आए दिन महिला पुरुष व बच्चों पर जानलेवा हमला करते हुए घायल कर रहे हैं। शिकायत के बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारी आवारा कुत्तों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से आए दिन आवरा कुत्तों के हमले से नगर एवं क्षेत्रवासी घायल हो रहे हैं और अपनी जान भी गवा रहे हैं। गुरुवार की सवेरे 11 वर्षिय किशोर लविश पुत्र सुरेश निवासी ग्राम भारसी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करने के लिए जा रहा था। तभी आवारा कुत्तों के झुंड में छात्र पर जानलेवा हमला बोल दिया और एक कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया। छात्र का शोर शराबा सुनकर ग्रामीण डंडे लेकर दौड़े और कुत्तों के झुंड को मौके से भगाया। परिजनों ने घायल अवस्था में छात्र को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर किया है।

# सीएम योगी ने नोएडा में 550 बेड के नए सुपर स्पेशियलिटी मेदांता अस्पताल का किया उद्घाटन

## सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के संचालन से नोएडा में युवाओं को मिलेगा रोजगार, नवीनतम चिकित्सा तकनीक और उपचार प्रणालियों की मिलेगी लोगों को सुविधा

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गुरुवार को नोएडा सेक्टर-50 स्थित मेदांता अस्पताल पहुँचकर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 550 बेड के इस नए सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने अस्पताल में उपलब्ध नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और उपचार प्रणालियों का भी अवलोकन किया।इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने डॉ. नरेश त्रेहन एवं मेदांता परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल न केवल विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार एवं निवेश का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

मेदांता लखनऊ ने अपनी बेहतरीन सेवा से आज वहां पर एक अपनी पहचान बनाई है। कोविड कालखंड के दौरान मेदांता हॉस्पिटल उत्तर प्रदेश वासियों के लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ और आज भी अपनी सेवाएं वहां पर प्रदान कर रहा है और अब एनसीआर में हम सबके लिए एक नया हॉस्पिटल खासतौर पर हमारा जो वेस्टर्न यूपी था जहां पर बहुत दिनों से मांग होती थी कि और भी अच्छे हॉस्पिटल्स आने चाहिए और उस अभियान के क्रम में आज यहां पर हम लोग नोएडा के अंदर मेदांता हॉस्पिटल का शुभारंभ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में बीते आठ वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक परिवर्तन आया है।पहले उत्तर प्रदेश की पहचान ह्वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफियाह्व से होती थी,आज हर जनपद ह्वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेजह्व से जुड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नीति सुधारों द्वारा अस्पताल निर्माण को सरल बनाया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप बड़े हेल्थ संस्थान प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। पिछले छः-सात वर्षों में आपने देखा होगा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आज देश के अंदर 50 करोड़ लोगों को 05 लाख रुपए प्रतिवर्ष फ्री स्वास्थ्य सेवा अकेले प्रधानमंत्री मोदी जी के माध्यम से देश के हर गरीब को उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने आयुष्मान भारत तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से गरीबों को निःशुल्क उपचार की सुविधा का उल्लेख करते हुए बताया कि अकेले मुख्यमंत्री राहत कोष से ही एक वर्ष में 1300 करोड़ रुपये गंभीर रोगियों के उपचार पर व्यय किए गए हैं।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 वर्षों से जारी इंसेफेलाइटिस की समस्या को सरकार ने संयुक्त अभियान चलाकर दो वर्षों में लगभग समाप्त कर दिया, जिससे आज वहां इस बीमारी से मौतें नगण्य हो चुकी हैं।मुख्यमंत्री जी ने तकनीकी उपयोग वर्चुअल आईसीयू और टेली कंसल्टेशन को स्वास्थ्य व्यवस्था की आगामी जरूरत बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मेदांता समूह से कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश विशेषकर गोरखपुर और वाराणसी में भी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करें, क्योंकि ये क्षेत्र उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल और झारखंड की बड़ी आबादी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कर सकते हैं। अंत में मुख्यमंत्री जी ने मेदांता नोएडा के शुभारंभ को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मेदांता परिवार को पुनः शुभकामनाएँ दीं।मेदांता नॉर्थ और ईस्ट भारत के प्रमुख निजी मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी और क्वाटरनरी केयर प्रदाताओं में से एक है, और इस नई सुविधा के साथ समूह ने एनसीआर और उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है।

नोएडा सेक्टर-50 में स्थित यह हॉस्पिटल मेट्रो से सीधे जुड़ा है, जिससे दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएँ आसानी से मिल सकेंगी। नए हॉस्पिटल में 25 सुपर स्पेशियलिटीज जैसे कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेज, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स में विश्वस्तरीय टर्शियरी और क्वाटरनरी केयर उपलब्ध होगी। सुविधा में 130. आईसीयू बेड, 16 अत्याधुनिक ऑपरेटिंग थिएटर और 200. अनुभवी डॉक्टरों की टीम कार्यरत है। अस्पताल के संचालन से 5,000-7,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मेदांता के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा, ह्वमेदांता नोएडा का उद्घाटन हमारे ह्ववर्ल्ड क्लास, पेशेंट-सेंट्रिक हेल्थकेयरह्व मिशन का महत्वपूर्ण चरण है। अत्याधुनिक तकनीक और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ यह हॉस्पिटल दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर तक पहुँच बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।ह्वमेदांता के ग्रुप सीईओ पंकज साहनी ने कहा कि नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में उन्नत मेडिकल सेवाओं की लंबे समय से कमी थी। यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सुविधा उस आवश्यकता को पूरा करते हुए आने वाले समय में मेडिकल एक्सीलेंस के नए मानक तय करेगी।

# पूर्व सारनाथ थाना प्रभारी समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ दाखिल अर्जी खारिज





**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** कर्मचारी को अगवा कर जान से मारने का प्रयास करने और गाड़ी में रखे 25 हजार रुपए लूटने के मामले पूर्व सारनाथ थाना प्रभारी और उनके पुलिसकर्मियों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की अदालत ने इस मामले में प्रार्थी की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र को सुनवाई के बाद खारिज कर दियो अदालत में पुलिसकर्मियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, संदीप यादव व रोहित यादव ने पक्ष रखा प्रकरण के अनुसार अर्दली बाजार निवासी प्रार्थी शहबाज खान ने अदालत में बीएनएनएस की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र दिया थो आरोप था कि तत्कालीन थाना प्रभारी सारनाथ विवेक त्रिपाठी, एसआई प्रदीप कुमार, विपक्षी एस उदय शंकर राव व चार अज्ञात दरोगा, सिपाही 10 मई 2025 को अपराह्न 3:30 बजे विपक्षी एस उदय शंकर राव के प्रभाव व असर में आकर उसके माताजी के नाम से कार जो 1201, बुद्धा हाइट्स अपार्टमेन्ट, मवईया, सारनाथ के बगल रास्ते से प्रार्थी के घर काम करने वाला शाहिल जो प्रार्थी की बीमार माँ के लिए दवा लेने जा रहा था का अपहरण कर लिए और शाहिल के आँख पर काला पट्टी बाँधकर अज्ञात स्थान पर ले जाकर जान से मारने की नियत से बुरी तरह लात, मुक्का व डण्डा से मारने-पीटने लगे व शाहिल के गले में रस्सी लपेटकर जान से मारने का प्रयास किये इसके साथ ही गाड़ी के अन्दर जरूरी कागजात तथा पचीस हजार रूपया रखा था उसे ले लिए एवं गाली-गुप्ता देते हुए इस बात की धमकी दिए कि शाहबाज खान कहा है बता दो नहीं तो जान से मारकर फेंक देंगे बाद में विपक्षीगण शाहिल को बुरी तरह मारपीट कर उसका मोबाईल फोन छीन लिये और उसको थाने में ले जाकर थाने में बैठा लिए व गाड़ी चार पहिया वाहन सीज कर चालान कर दियो बाद में बड़े अथक प्रयास के बाद रात्रि 11:30 बजे शाहिल का फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनवाकर थाने द्वारा छोड़ा गया। विपक्षीगण के मारने-पीटने से शाहिल को कई जगह चोटें आयी व गर्दन में रस्सी के निशान भी पड़ गये एवं शाहिल की बुरी हालत हो गयी थी किसी तरह उसकी जान बची इस मामले में पुलिस से शिकायत करने के बाद जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो प्रार्थी ने अदालत की शरण ली।

# काशी विद्यापीठ के पूर्व कुलपति प्रो० (डॉ०) डीएन चतुर्वेदी का जयन्ती समारोह एवं संविधान दिवस का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में काशी विद्यापीठ के पूर्व कुलपति रहे प्रो० (डॉ०) डीएन चतुर्वेदी का 104वीं जयन्ती समारोह और संविधान दिवस को भव्यता के साथ मनाया गयो कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, संस्थापक एडवोकेट पं० जय नारायण दूबे, संस्थापिका पूर्व प्रधानाचार्या शान्ति दूबे, सरस्वती जी और प्रो० डी एन चतुर्वेदी के माल्यार्पण से हुओ कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन डॉ.प्रभु नारायण दूबे ने किया और कहा कि प्रो० डी एन चतुर्वेदी जो कि एक निष्पक्ष कार्य करने वाले व्यक्ति और सभी को एक सूत्र में पिरोए रखो महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के हिन्दी विभाग के पूर्व हेड व डीन प्रो० श्रद्धानंद जी ने कहा कि महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ आजादी के समय से ही वैचारिक गैलक्सी हैं प्रो० अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि संविधान ही है जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी धर्म, जाति और भाषा को एक सूत्र में बाँधे रखा हैं एस सी ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रो० डीएन चतुर्वेदी का गाँधी जी के अर्थशास्त्र पर विलक्षण योगदान के धनी रहे। महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व हेड व डीन प्रो० प्रदीप कुमार पाण्डेय ने प्रो० डीएन चतुर्वेदी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रो० डीएन चतुर्वेदी गाँधीवादी विचारधारा के विचारक रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ ग्राम पंचायत सराय बरवबंड सिंह में ग्राम चौपाल का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**अमेठी।** दिनांक 27 नवम्बर 2025 को मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड गौरीगंज के ग्राम पंचायत सराय बरवबंड सिंह में ग्राम चौपाल का आयोजन संपन्न हुआ। ग्राम चौपाल के दौरान पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की सामान्य जानकारी से अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 02 राजस्व ग्राम – सराय बरवबंड सिंह और धनी जलालपुर सम्मिलित हैं। ग्राम पंचायत में कुल 295 परिवार निवासरत हैं, जिनमें क्रमशः 174 तथा 121 परिवार दोनों राजस्व ग्रामों में रहते हैं। कुल जनसंख्या 1669 है, जिसमें क्रमशः 984 तथा 685 की जनसंख्या दोनों ग्रामों में निवास करती है। ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या 381 है। ग्राम पंचायत में पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं तथा निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरपीपुर लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्राम चौपाल के दौरान परियोजना निदेशक एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी गौरीगंज ऐश्वर्य यादव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत पंकज मोहन मिश्र, सहायक विकास अधिकारी आइएसबी सरला कनौजिया, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सहायक विकास अधिकारी कृषि, ग्राम प्रधान फैजल अंसारी, पंचायत सचिव महेश चंद्र मिश्रा, कोटेदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान एक्सप्रेस में बम की फर्जी सूचना से अफरा-तफरी

**वेलकम इंडिया/फतेह खान**



**अयोध्या।** फिरोजाबादझधनबाद रूट की 13308 किसान एक्सप्रेस में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रेन में बम होने की फर्जी सूचना फैल गई। सूचना मिलते ही रेलवे व जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। ट्रेन को तुरंत पटरंगा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर रोक दिया गया। कुछ ही देर में स्टेशन पर पुलिस-प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियों का भारी जमावड़ा लग गया।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, रुदौली सर्किल की पुलिस टीम के अलावा जीआरपी - आरपीएफ डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। टीमों ने ट्रेन की हर बोगी में जाकर सघन जांच की। अचानक फैली अफवाह से यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। कई यात्री बोगियों से बाहर निकल कर प्लेटफॉर्म पर इधर-उधर भागते नजर आए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हड़कंप मचाने वाली बम की पुकार ट्रेन की ल1 फर्स्ट बोगी में सवार एक युवक ने ही मचाई थी। पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अनंतराज (23) पुत्र रतन कुमार, निवासी झारखंड के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार युवक मानसिक रूप से पीड़ित बताया जा रहा है। सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया कि बम निरोधक दस्ता पूरी बोगी का विधिवत निरीक्षण कर चुका है। किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। आरोपी युवक को जीआरपी बाराबंकी के हवाले कर दिया गया है। करीब एक घंटे की जांच के बाद यात्रियों को दोबारा ट्रेन में बैठाकर किसान एक्सप्रेस को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस ने यात्रियों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

# डीएम ने चार बीएलओ को अंगवस्त्र व रू 1100 देकर किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद अमेठी में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से संचालित है। इस महत्वपूर्ण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार बीएलओ को आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अंग वस्त्र एवं ?1100 की प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बीएलओ में रोशनी देवी बूथ संख्या 387 (विधानसभा तिलोई), आंगनवाड़ी कार्यकत्री 88.34% डिजिटाइजेशन, बृजेश कुमार तिवारी बूथ संख्या 101 (विधानसभा जगदीशपुर), रोजगार सेवक 83.85% डिजिटाइजेशन, मोहम्मद वसीम बूथ संख्या 313 (विधानसभा गौरीगंज), रोजगार सेवक 80.55% डिजिटाइजेशन व लाल साहब सिंह बूथ संख्या 100 (विधानसभा अमेठी), शिक्षा मित्र 86% डिजिटाइजेशन किया गया है। इन सभी बीएलओ ने लक्ष्य के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया है। सम्मान के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि डिजिटाइजेशन पुनरीक्षण अभियान का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनाया जा सकता है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि इनके प्रयास अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। डीएम ने यह भी आह्वान किया कि अभियान में संलग्न सभी कर्मी इसी उत्साह, निष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करें, ताकि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सफलता दिलाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर सपा ने की बैठक



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** मतदाता सूचि के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अन्तर्गत मतदाता सूचि मे नाम जोड़ने एवं नए मतदाताओ को घर-घर चिन्हित कर मतदाता सूचि मे नाम दर्ज कराने को लेकर सपाईयो ने आज मुकीमगंज स्थित भरत सरदार के बाड़ा मे महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया।

बैठक मे बड़ी संख्या मे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक मे दक्षिणी विधानसभा के अन्तर्गत मतदाता भी शामिल होकर एस आई आर से संबधित परेशानी को बतायो बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी एवं समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश महासचिव किशन दीक्षित ₹एडवोकेट₹ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बडी संख्या मे शिकायत प्राप्त हो रही है कि एस आई आर फार्म भरते समय बीएलओ सिर्फ एक उपर के कालम को भरवाकर ले रही है एवं फार्म मे नीचे के कालम को बिना भरे ही समिट कर रही है जिससे फार्म आगे जाकर निरस्त हो जाए एवं मतदाता सूचि मे नाम न दर्ज हो सके।

# दुधारा पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर पिपरा बोरिंग से बघौली मार्ग पर 100 मीटर आगे ट्युबेल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

थाना दुधारा के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा के नेतृत्व में उनि. अनिल मिश्रा, मुख्य आरक्षी दिनेश यादव, का0 राधेश्याम गिरि, का0 रंजन कुमार, कांस्टेबल दीप नारायण शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर पिपरा बोरिंग से बघौली मार्ग पर 100 मीटर आगे ट्युबेल के पास से गैंगस्टर अधिनियम के वांछित अभियुक्त राधारमन पुरी पुत्र सन्तोष पुरी निवासी वार्ड न0 11 बनियवा कस्बा सिसवा, थाना कोठीभार, जनपद महाराजगंज को गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि उक्त अभियुक्त एक संगठित अपराध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में था। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0: 805/2025 धारा 2(ु)(, (७), 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवा0 अधि0 1986 (गैंगस्टर अधिनियम) थाना कोतवाली खलीलाबाद में दर्ज था।

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा अपनी टीम के साथ मु0अ0सं0 805/2025 की विवेचना (जांच) में लगे थे। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त राधारमन पुरी पिपरो बोरिंग से बघौली मार्ग पर 100 मीटर आगे ट्युबेल के पास खड़ा है। पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुँची। अभियुक्त ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने एकबारगी दबिश देकर उसे पकड़ लिया। जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से ?350 बरामद हुए।गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के पिता सन्तोष पुरी को उनके मोबाइल नंबर 7897869012 पर दी गई।

उन्होंने बताया कि चूंकि अभियुक्त मु0अ0सं0 805/2025 (थाना कोतवाली खलीलाबाद) से संबंधित है, इसलिए अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत करा दिया गया है।

# एसआईआर अभियान में सहयोग करने की किया अपील

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने सभी दलों से अभियान में पूर्ण सहयोग करने की अपील करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची को स्वच्छ, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने में सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवंबर से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान चल रहा है, जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण हो जानी चाहिए। इसके लिए राजनीतिक दलों के पदाधिकारी अपने-अपने बीएलए को सक्रिय करें तथा उन्हें बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दें। डीएम ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए और कोई अपात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। इसके लिए गणना प्रपत्रों का समय से भरवाना और उन्हें शीघ्र बीएलओ को उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने स्तर से भी व्यापक जागरूकता चलाकर मतदाताओं को प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें।

# एन सी सी का 78 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** नेशनल कैडेट कोर एनसीसी के 78वे स्थापना दिवस के अवसर पर एन सी सी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स के निदेर्शों के अनुक्रम में 35 यू पी वाहिनी मोदीनगर के विभिन्न कॉलेजों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित स्मारकों पर शहीदों को नमन कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किए गए। इसी के क्रम में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के एन सी सी कैडेट्स के द्वारा वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल के निर्देशन एवं मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में स्वच्छता का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके उपरांत कैडेट्स को एन सी सी के मोटो ह्लएकता और अनुशासनह्व का अनुपालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यों, अनुशासन, चरित्र निर्माण, नेतृत्व की भावना, साहचर्य, धर्म निरपेक्ष दृष्टिकोण, खेल भावना के साथ निस्वार्थ सेवा भाव का विकास करना आदि का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, वाहिनी के कार्यवाहक सूबेदार मेजर नरदोज थापा, सुबेदार सूर्य मान घाले, हवलदार अरविंद दीक्षित, हवलदार संजीत, हवलदार राहुल शर्मा आदि के साथ 248 एन सी सी कैडेट का सहयोग रहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने सभी कैडेट को राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की अपील की। स्थापना दिवस मनाने के अनुक्रम में विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को कॉलेज के प्रधानाचार्य डी सतीश चंद अग्रवाल ने मेडल पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया तथा लेफि्टनेंट राजीव जांगिड एवं एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने एन सी सी के द्वारा युवाओं को राष्ट्र के विकास में योगदान देकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने विवादित बयान पर कार्रवाई किए जाने की मांग की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा (पंजी०) के पदाधिकारियों ने विवादित बयान को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर पूर्व आई. ए. एस. संतोष वर्मा के विरुद्ध एफ.आई.आर दर्ज कर कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है ।जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आपको अबगत कराना है कि दिनाँक 23-11-2025 को मध्य प्रदेश भोपाल में आयोजित अजाक्स के सम्मेलन में पूर्व आई. ए. एस संतोष वर्मा ने वहुत ही घृणित, अपमान जनक और विघटन कारी व्यान दिया है, जो समाचार पत्रों, फेसबुक और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, वर्मा ने अपने बयान में आरक्षण तब तक जारी रखने की बात कही है, जब तक ब्राह्मण अपनी बेटियों का विवाह उनके बेटे से न कर दें। जिसे पढ़कर ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है, ऐसे विघटनकारी मानसिकता पर अंकुश लगाना समाज और प्रशासन का परम कर्तव्य है। पत्र के माध्यम से पदाधिकारी ने मांग की है कि संतोष वर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही कि जाये, जिससे भविष्य में कोई भी नौकरशाह या नेता इस तरह कि अभद्र भाषा का प्रयोग सार्वजनिक रूप से न कर सके। इस मौके पर बीडी शर्मा अध्यक्ष, पं. शिवमोहन भारद्वाज राष्ट्रीय महामंत्री, शिवकुमार शर्मा ,बुद्ध प्रकाश शर्मा, लोकेश कौशिक,हुकुम चंद शर्मा ,सुशील शर्मा ,विनीत कांत पाराशर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसपी देहात द्वारा थाना खुर्जा देहात का किया गया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण


वेलकम इंडिया



बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 तेजवीर सिंह द्वारा थाना खुर्जा देहात का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।एसपी देहात द्वारा थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त महोदय द्वारा थाने पर नियुक्त सभी उ0नि0 के साथ 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में अर्दली रूम किया गया, जिसमें थाना प्रभारी एवं विवेचकों को विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण शीघ्रता से निस्तारण, वांछित एवं एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के साथ-साथ समय से आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कर सजा के अन्तिम परिणाम तक पहुँचाने तथा 07 वर्ष के कम अवधि की सजा वाली धाराओं की विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र-अतिशीघ्र करने व महिला सम्बन्धी अपराधों में न्यूनतम समय में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर सजा दिलवाने व प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के क्रम में अपराधियों को सजा दिलवाने में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी पैरवी करने को भी निर्देशित किया गया।

# अलीगढ़ में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा को बनाये जाने पर रोड शो में हुआ भव्य स्वागत सम्मान

वेलकम इंडिया



**अलीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय एंव प्रदेश नेतृत्व द्वारा अलीगढ़ महानगर अध्यक्ष के पद पर राजीव शर्मा को पुनः नियुक्त किए जाने पर आज शहर में उनका रोड शो के दौरान जोरदार पुष्प वर्षा कर एंव आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। यह भव्य रोड शो महानगर कार्यालय होता हुआ पुनः नौरंगाबाद स्थित एसजेडी भाजपा कैंप कार्यालय पर समापन हुआ। जिसमें सैंकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, आतिशबाजी और नारों से महौल उत्साहपूर्ण रहा। रोड शो का प्रारंभ भाजपा कैंप कार्यलय एसजेडी से हुआ, जहां से भाजपा महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने खुली जीप में सवार होकर यात्रा शुरू की। रोड शो नौरंगाबाद नवदुर्गा मन्दिर से होता हुआ रामलीला मैदान अचलताल अचलेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना कर, दूबे पड़ाब पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की मुर्ति पर माल्यार्पण कर मामूभांजे में व्यापारी नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। फिर भाजपा महानगर कार्यालय पर जमकर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया। बारहद्वारी से सराय हकीम होते हुए रसलगंज से अग्रसेन चौक, अक्रुर पार्क, सेन्टर पॉइंट पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रामघाट रोड हुये, एसएमबी इंटर कालेज से सुरेन्द्र नगर गुरूद्वारा बेगमबाग होते हुए पुनः एसजेडी भाजपा कैंप कार्यालय समापन हुआ। हर चौराहे पर भाजपा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के सदस्यों ने आतिशबाजी की, जबकि 'राजीव शर्मा जिंदाबाद' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे गूंजते रहे।

# नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा गुरुवार की सुबह वरूणापार जोन अन्तर्गत पहड़िया,पाण्डेयपुर, खजुरी क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया ` नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण में इन क्षेत्रों में हो रहे डोर टू डोर कूड़ा उठान,सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण ,स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय,नाला सफाई तथा चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर आदि कार्य का निरीक्षण किया गयो नगर आयुक्त ने इन क्षेत्रों में वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन के द्वारा डोर टू डोर कूड़े के उठान के बारे में नागरिकों से जानकारी प्राप्त की गयी जिसमें पाया गया कि इन क्षेत्रों में कूड़े का उठान किया जा रहा है नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि इन क्षेत्रों में लगाये गये ट्वीन बिन को हटाकर काम्पैक्टर्स के माध्यम से कूड़े का उठान किया जाये क्षेत्र में उपयुक्त सफाई व्यवस्था ठीक न पाये जाने पर क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक सुजीत कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया तथा कार्य में लापरवाही पर जलकल के अवर अभियन्ता आशुतोष यादव से स्पष्टीकरण मांगा गया। निरीक्षण में क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से प्रतिदिन सफाई व्यवस्था की जाय कहीं सड़कों पर कूड़ा दिखायी न दे नगर निगम वाराणसी द्वारा की जा रही एसआईआर के कार्यो का निरीक्षण किया गया,लगाये गये नगर निगम के कर्मियों से प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा उन्हे निर्देशित किया गया।

# फरीदनगर में श्रीराम कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 28 से

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** भोजपुर खण्ड विकास क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा फरीदनगर में बालाजी सेवादार मंडल (फरीदनगर) के सौजन्य से आगामी 28 नवम्बर से जहान बाबा मंदिर में श्रीराम कथा ज्ञात यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विख्यात राम-हनुमान कथा मर्मज्ञ पं0 अरविंद्र भाई ओझा संगीतमयी शैली से भगवान श्रीराम का गुणगान करेंगे। आगामी चार दिसम्बर तक प्रतिदिन मध्यान्ह दो बजे से सायं पांच बजे तक श्रीराम कथा का गुणगान होगा। इस दौरान मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था रखने वाली विभूतियों के भी पधारने की आशा जतायी गई है। इस धार्मिक अनुष्ठान को सार्थक बनाने में मनोज शर्मा, ओंकार तोमर, मोहित, राहुल, रणपाल सहित अन्य कई श्रद्धालु जुटे हैं।

# डीजीआर पब्लिक स्कूल में 78वाँ एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** डीजीआर पब्लिक स्कूल, पतला में आज 78वाँ एनसीसी दिवस राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनसीसी गीत के साथ किया गया। जिसकी स्वर लहरियों ने वातावरण को देशभक्ति, जोश और अनुशासन के रंग में रंग दिया। कैडेट्स ने ड्रिल एवं मार्च पास्ट के माध्यम से एनसीसी के मूल सिद्धांत ह्लएकता, अनुशासन और सेवाह्व को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नायब सुबेदार सुर्यमान घले, हवलदार अरविंद दीक्षित,तथा एएनओ गुड्डू गुप्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के जीवन मूल्यों एवं भविष्य निर्माण में इसकी भूमिका से अवगत कराया। उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों का उत्साह कई गुना बढ़ाया। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्व की प्रयोगशाला है। यह विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार नागरिक एवं राष्ट्र के सशक्त स्तंभ बनने के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम चेयरमैन गुलबीर सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिन्होंने कैडेट्स के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन उच्च देशभक्ति भावना और गौरवपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें एनसीसी गीत आज नेतृत्व कल संदेश की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# निगम बोर्ड ने किया 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट पारित



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में आज नगर निगम बोर्ड की देर शाम तक चली बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यकारणी द्वारा उक्त बजट पहले ही पारित किया जा चुका है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने पार्षदों की शिकायतों पर कार्रवाई को अनुपालन आख्या में लेने के निर्देश दिए। लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि बजट में थोड़ा संशोधन किया गया है लेकिन बजट राशि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उन्होंने सदन को बताया कि नगर निगम के समस्त वाहनों की बीमा राशि को 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 60 लाख रुपये किया गया है। लेकिन जलकल विभाग के बजट में 50 लाख रुपये की कटौती की गयी है। वाहनों पर लिए जाने वाले वाहनों के किराये में भी 30 लाख रुपये की कटौती की गयी है। उन्होंने बताया कि बजट में पार्को की अवसंरचना विकास के लिए उद्यान विभाग में नवीन बजट का प्रावधान करते हुए 50 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। लाइसेंस शुल्क से गत वर्ष 65 लाख रुपये निगम को प्राप्त हुए थे अतः इस वर्ष के लिए एक करोड़ 44 लाख रुपये लक्ष्य रखा गया है।

महापौर डॉ. अजय कुमार विभिन्न पार्षदों द्वारा उठाये गए मुद्दों पर टैक्स विभाग को निर्देश दिए कि केवल टारगेट ही पूरा न करें, जिन पर टैक्स बकाया है उनसे वसूली की जाए। उन्होंने अतिक्रमण विभाग को एक व्यवस्था बनाते हुए पूरे महानगर में अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश दिए। महापौर ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक वार्ड के लिए 60 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। कुछ वार्डो में काम शुरू हो गए है कुछ स्वीकृत हो चुके है। महापौर ने सीएम ग्रिड के तहत बनायी जा रही सड़क पर बड़ा फुटपाथ बनाये जाने और पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने के संदर्भ में मुख्य अभियंता निर्माण को निर्देश दिए कि वे क्षेत्रीय पार्षद को साथ लेकर निरीक्षण करें। उन्होंने म्युटेशन का कार्य तेजी से करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने टैक्स विभाग को पार्षदों से परामर्श कर वार्डो में जीआईएस सर्वे पर स्वयं मूल्यांकन प्रपत्र भरने के लिए रोस्टर बनाकर कैंप लगाने को भी कहा।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में 7 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी




**सहारनपुर/नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, सहारनपुर में उच्च शिक्षण संस्थानों हेतु वित्त पोषण एजेंसी व अवसर की समझ पर एक 7 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ पूनम शर्मा, प्रेसिडेंट आईआईएमटी, निदेशक डॉ अंजू वालिया, मुख्य वक्ता डॉ आर पी सिंह , डायरेक्टर रिसर्च ,श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, आशुतोष गुप्ता व डॉ कमल कृष्ण ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ आर पी सिंह ने रिसर्च के क्षेत्र में मिलने वाली विभिन्न फंडिंग के बारे में सभी को विस्तार से बताया। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि यह कार्य बहुत मुश्किल नहीं है सभी विभिन्न रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए अप्लाई करके विभिन्न प्रकार की फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं। संस्था की प्रेसिडेंट डॉ पूनम शर्मा ने बताया कि शिक्षक किसी भी क्षेत्र संस्था की रीढ़ होते हैं। समाज की प्रगति उन शिक्षकों पर निर्भर करती है जो न केवल पढ़ाते हैं बल्कि छात्रों में जिज्ञासा नवाचार और चरित्र निर्माण की प्रेरणा भी जगाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीक रिसर्च मेथाडोलॉजी से अवगत कराया। प्रथम दिन के समापन समारोह के मुख्य वक्ता डॉ मोहम्मद आरिफ रहे। उन्होंने रिसर्च ग्रांट प्राप्त करने हेतु विभिन्न प्लेटफार्म के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे आप विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए अप्लाई करके ग्रांट प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा कि मैं हमारे संसाधन व्यक्तियों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर यहां अपनी विशेषज्ञ साझा करने के लिए सहमति प्रदान की, उन्होंने कहा कि आयोजन टीम की भी सराहना करती हूं, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सका। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर अश्वनी कुमार व उदित चौहान ने कराया। मंच का संचालन डॉ नेहा त्यागी ने किया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के सम्बंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक हुई







- बीएलए करें बीएलओ का सहयोग, विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 कार्य हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : जिला निर्वाचन अधिकारी
- गणना प्रपत्र ना मिलने पर बीएलओ से करें सम्पर्क, पंजीकृत पते पर मतदाता के ना मिलने से हो रही है समस्या : जिला निर्वाचन अधिकारी
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने की जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रनिधियों, सोसाईटी एसो., एनजीओ, सामाजिक कार्यकताओं, समाजसेवियों, मीडिया सहित समस्त जनपद वासियों से अपील, गणना प्रपत्र भरना है अनिवार्य, कार्य में ना बरते लापरवाही

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। वर्तमान में सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के तहत महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ महोदय की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गयी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सी.पी.आई. (एम.) के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया जनपद गाजियाबाद शहरी क्षेत्र होने तथा विस्थापित जनसंख्या होने के कारण यह सम्भव है कि पुराने पते पर पंजीकृत मतदाता उसी क्षेत्र में किसी अन्य पते पर निवासरत हों, जिस कारण उन्हें उनके गणना प्रपत्र वितरित न हो पाये हों। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय द्वारा सोसाईटी एसो., एनजीओ, समाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रनिधियों, मीडिया सहित अन्य के माध्यम से ग्रामीण, शहरी क्षेत्र सहित विशेषकर वसुन्धरा, वैशाली आदि क्षेत्रों में बने हाईराईज सोसाइटीज में मतदाताओं से फार्म प्राप्त करने हेतु अपने-अपने बी.एल.ए. को तत्काल सक्रिय करने का अनुरोध किया गया जिससे बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किये जा सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि उक्त के क्रम में समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया कि ऐसे वोटर जो स्थाई रूप से बाहर चले गये हैं, मृत हो गये हैं, डुप्लीकेट हैं, मिसिंग हैं, उनकी सूची बी.एल.ओ. द्वारा बनाई जा रही है। उक्त सूची को मतदेय स्थलों पर चस्पा किया जायेगा एवं राजनैतिक दलों के साथ भी साझा किया जायेगा, जिसमें राजनैतिक दलों से अपेक्षा है कि उक्त कार्य में बी.ल.ए. के सहयोग हेतु निर्देशित कर दें। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे जनपद के सभी ब्लॉकों में अपने-अपने बीएलए को तैनात करते हुए निर्देशित करें कि वे एसआईआर के कार्य में बीएलओ'स की सहायता करें।

साथ ही पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से भी सहयोग के लिए कहें। श्री सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि 55-साहिबाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 200 से कम गणना प्रपत्र डिजिटाइज किये जाने वाले प्रत्येक 20 मतदेय स्थलों पर 01 पर्यवेक्षण अधिकारी के आधार पर कुल 40 पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है तथा वांछित प्रगति लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय द्वारा एसआईआर से सम्बंधित कार्य के क्रियान्वयन का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा इन्दिरापुरम, आईटीएस सहित अन्य जगहों का निरीक्षण करते हुए बीएलओ'एस द्वारा किये जा रहे कार्यों की गहनता से जांच की गयी और उपस्थित मतदाताओं से भी वार्ता करते हुए उनकी समस्यायें पूछी, मतदाताओं द्वारा कहा गया कि उन्हें ?बीएलओ'एस द्वारा पूरी जानकारी दी जा रही है। जिलाधिकारी महोदय ने सभी लोगों से अनुरोध किया कि वे फार्म शीघ्र ही भरकर जमा करायें। जिससे उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

## हाईकोर्ट में बढ़े गृहकर विवाद का मामला: एक सप्ताह में होगी सुनवाई

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। नगर निगम द्वारा इस वित्त वर्ष से डीएम सॉफिल रेट की दर पर हाउस टैक्स लगाने के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रहे विवाद में सुनवाई की नई तिथि तय कर दी गई है। 26 नवंबर को मामले की सुनवाई के लिए अदालत ने अगली तारीख निर्धारित की है। इस फैसले के खिलाफ कुछ नगर पार्षद और तीन पूर्व पार्षदों ने आपत्ति जताई है। पूर्व पार्षद हिमांशु मिल्लर, राजेंद्र त्यागी और अतिव्र स्वामी ने निगम के इस निर्णय को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि निगम द्वारा लगाए गए हाउस टैक्स में पारदर्शिता की कमी है और इस प्रक्रिया में करदाताओं के हितों की अनदेखी की गई है। नगर निगम ने इस वित्त वर्ष से हाउस टैक्स के निर्धारण के लिए डीएम सॉफिल रेट का आधार लिया है। निगम का दावा है कि यह दर उचित और सरकारी मानकों के अनुरूप है। वहीं, याचिकाकताओं का कहना है कि इस दर से कई निवासियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है और निर्णय के कार्यान्वयन से पहले विस्तृत विचार-विमर्श किया जाना चाहिए था। हाईकोर्ट में अगले सप्ताह सुनवाई के दौरान मामले की पूरी जानकारी दोनों पक्षों के समक्ष रखी जाएगी और अदालत आवश्यकतानुसार अधिकारियों को भी जवाब देने के लिए तलब कर सकती है।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में तेजी: बीएलओ और मतदाता के बीच मजबूत कड़ी बना नगर निगम

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद**। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए नगर निगम पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतर आया है। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम को घर-घर भेजा जा रहा है, जो बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) के साथ मिलकर मतदाताओं से एस.आई.आर. फॉर्म भरवाने और उन्हें संग्रहित करने का कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य बीएलओ और मतदाता के बीच सुचारू समन्वय स्थापित कर अभियान को तेज और प्रभावी बनाना है। नगर आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें क्षेत्रवार कार्रवाई कर रही हैं, जिनका नेतृत्व विभागीय निरीक्षक और सफाई नायक कर रहे हैं। ये टीमें हर घर जाकर मतदाताओं को दिए गए फॉर्म वापस लेने का कार्य कर रही हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के इस अभियान में नगर निगम की ओर से करीब 41 कर्मचारी बीएलओ के रूप में तैनात हैं, जबकि 150 से अधिक सफाई नायक सहयोगी भूमिका निभा रहे हैं। पूरे अभियान की निगरानी प्रभारी निर्वाचन अधिकारी डॉ. अनुज और वरिष्ठ प्रभारी निर्वाचन अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव द्वारा की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप चल रहे इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपना एस.आई.आर. फॉर्म भरकर अपने संबंधित बीएलओ या सफाई नायक को उपलब्ध कराएं, ताकि डिजिटलीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सके और चुनावी कार्यों में देरी न हो।

## दिनदहाड़े लूट और हमला: बुजुर्ग दंपत्ति गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। थाना कवि नगर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब घर में घुसकर दो बदमाशों ने बुजुर्ग दंपत्ति पर लूट के इरादे से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह भयावह वारदात सेक्टर एफ-ई 14 में हुई, जहां निवासी नरेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी मधु शर्मा अपने घर में मौजूद थे। घटना के अनुसार, बाइक सवार दो युवक घर में प्रवेश कर लूट का प्रयास करने लगे। दंपत्ति ने साहस दिखाते हुए उनका विरोध किया, लेकिन विरोध करते ही बदमाश आगबबूला हो गए और उन्होंने पहले नरेंद्र शर्मा के पेट और कंधे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद मधु शर्मा को भी चाकू से घायल कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और दंपत्ति को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर है और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। इस वारदात ने इलाके में खलबली मचा दी और लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया। कवि नगर जैसी पॉश कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई इस हिंसक घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि पिछले कुछ समय से चोरी और छीना-झपटी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन क्षेत्र में पुलिस गश्त न के बराबर है।

पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे और इस भयावह वारदात का पूरा पदार्फाश किया जाएगा।

## चोरियों का खुलासा कर अपराधियों को नहीं पकडा गया तो संजयनगर के हनुमान मंदिर को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा

### मंदिर के बाहर दी बिछाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद:** संजय नगर स्थित हनुमान मंदिर में 25 नवंबर की रात्रि को मंदिर के तीन दान पत्र तोड़कर लाखों रुपए चोरी कर लिए गए। इससे पहले भी मंदिर में दान पत्र को तोड़कर चोरी करने दो वारदातें हो चुकी हैं और आज तक भी अपराधी नहीं पकडे गए। मंदिर ट्रस्ट ने इस सम्बंध में गुरूवार को प्रेस वार्ता कर चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अपराधियों को नहीं पकडा गया तो मंदिर को बंद कर मंदिर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अगवाल व मीडिया प्रभारी बी के शर्मा हनुमान ने बताया कि 25 नवंबर की रात्रि को तीन चोरों ने मंदिर के तीन दान पत्र तोड़कर लाखों रुपए चोरी कर लिए। सीसीटीवी में वे करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले भी मंदिर में दान पत्र को तोड़कर चोरी करने की दो वारदातें हो चुकी हैं। पहली घटना फरवरी 2022 को हुई थी जिसकी रिपोर्ट थाना कवि नगर में दर्ज कराई गई थी, लेकि चोरी का कोई खुलासा नहीं हुआ। इसके बाद दूसरी घटना भी वर्ष 2022 में हुई थी और उसकी भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तीसरी घटना 25 नवंबर को हुई है। इसके अलावा दो अन्य घटनाओं में दो बार मंदिर से चोर रंगे हाथों पकड़े गए हैं। बार-बार चोरी होने के बाद भी पकडे ना जाने से चोरों के हौसले बुलंद है तथा मंदिर को असुरक्षित महसूस करते हुए श्रद्धालु भयभीत हैं। अतः ट्रस्ट ने यह निर्णय लिया है कि यदि अपराधियों को नहीं पकड़ा गया तो आगामी मंगलवार 2 दिसंबर से संजय नगर स्थित हनुमान मंदिर को असुरक्षित मानते हुए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा तथा मंदिर के बाहर दरी बिछाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। वारदात खुलने एवं चोरी हुआ पैसा वापस होने तक मंदिर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ जारी रहेगा। सुरेंद्र त्यागी कोषाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा महामंत्री योगेश कौशिक वैभव त्यागी प्रदीप गर्ग गजेंद्र शर्मा अंकुर अग्रवाल डॉ नीरज गर्ग हरिओम त्यागी इंद्रेश तिवारी मुनेश देवी शर्मा सुरेंद्र तिवारी डॉक्टर हरीश शर्मा विपिन गोयल , अक्षय दीक्षित, वैभवठाकुर, विवेक ठाकुर, शिवांशु शर्मा, पवन गिरी, अरुण शर्मा, सुमित शर्मा, सपिनशर्मा, राहुल शर्मा, प्रशांत त्यागी, विशाल श्रीवास्तव, वंदना ठाकुर, आरसी शर्मा आदि भी मौजूद थे

## एसआईआर कार्य के दबाव से शिक्षक बीमार

**गाजियाबाद**। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के लगातार दबाव और लंबे समय तक काम करने की वजह से जिले के कई प्राथमिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। शिक्षक हाईपरटेंशन, शुगर, बीपी और अनिद्रा जैसी समस्याओं से पीड़ित हो रहे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। प्रदेश में कई बीएलओ की मौत की खबरों के बाद शिक्षक संघ ने चिंता जताई है कि जिले में भी ऐसी कोई घटना न हो। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस गंभीर स्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा की और डीएम को एक पत्र भी भेजा है। पत्र में बताया गया है कि जिले के लगभग दो हजार से अधिक शिक्षक एसआईआर कार्य में बीएलओ के रूप में लगे हैं।

## सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में महिला स्वच्छता जागरूकता सत्र

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। डासना स्थित सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को महिला स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक प्रभावी और प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन पी एंड जी समूह के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें छात्राओं और छात्रों दोनों को दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वच्छता एवं व्यक्तिगत देखभाल संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की निदेशक डॉ. मोनिका सैंगर ने स्वागत संबोधन के साथ किया। उन्होंने पी एंड जी टीम सहित उपस्थित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल शारीरिक स्वास्थ्य का आधार नहीं बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व परिष्कार और मानसिक मजबूती का भी महत्वपूर्ण तत्व है। उन्होंने युवाओं को स्वच्छ आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। सत्र का संचालन पी एंड जी समूह से आईं सुश्री तनिषा जैन ने किया।

## 15 हजार वर्ग गज में चल रही अवैध कॉलोनी को जीडीए ने किया ध्वस्त

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के निर्देश पर अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने गुरुवार को डासना क्षेत्र में ग्राम भुडगढ़ी, डासना स्थित खसरा संख्या 2885 पर विकसित की जा रही जेवा मैडम कॉलोनी में लगभग 15,000 वर्ग गज क्षेत्रफल में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनी को मौके पर जाकर ध्वस्त कर दिया। यहां बनी बाउंड्रीवाल, नालियां और खड़ी की गई कॉलम संरचनाएं पूरी तरह तोड़ दी गईं। इसी क्रम में गंग नहर किनारे भुडगढ़ी इंडस्ट्रियल क्षेत्र में जेवा मैडम कॉलोनी के लगभग 5,000 वर्ग गज क्षेत्र में बनाए गए पांच अवैध निर्माणों को भी सील कर दिया गया। इन निर्माणों को सुरेन्द्र कुमार चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, सिद्धार्थ कोल, अभिनीत तथा जितेन्द्र चड्ढा द्वारा खड़ा किया गया था, जिन्हें प्राधिकरण द्वारा जारी सीलिंग आदेश के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं ने विरोध भी जताया, लेकिन इसकी परवाह किए बिना प्राधिकरण की टीम ने स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस की सहायता से स्थिति को नियंत्रित रखते हुए बिना किसी रुकावट के अभियान को जारी रखा। पूरे ऑपरेशन के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/मेट समेत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद निवासियों और भू-खरीदारों को चेतावनी देते हुए अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में जमीन खरीदने से बचें, क्योंकि ऐसे निर्माण न केवल पूरी तरह गैरकानूनी हैं बल्कि भविष्य में बड़ा आर्थिक नुकसान भी करा सकते हैं। प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि निवेश केवल उन योजनाओं में करें, जिन्हें प्राधिकरण द्वारा विधिवत स्वीकृति प्राप्त हो। जीडीए का यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा, ताकि शहर में अवैध निर्माणों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।